उज्जैन
बुधवार
21
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-347
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 कन्या भोज में बुलाकर 7 बच्चियों से मारपीट रिटायर्ड टीचर पर कपड़े उतरवाने का आरोप

7 जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में, न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान



माही विज का इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक हुआ गायब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बिग बॉस 20 में नजर आ रहीं टीवी एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर सुर्खियों में हैं। शो में अपने बेबाक और आक्रामक अंदाज को लेकर चर्चा बटोर रहीं माही अब सोशल मीडिया को लेकर भी खबरों में आ गई हैं। बताया जा रहा है कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। इंस्टाग्राम पर माही विज की प्रोफाइल सर्च करने पर अकाउंट उपलब्ध नहीं होने जैसा पेज दिखाई देने की बात सामने आ रही है। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स के बीच सवाल उठने लगा है कि अभिनेत्री ने खुद अकाउंट हटाया है या किसी वजह से उनका प्रोफाइल डिसेबल हुआ है। माही विज इस समय बिग बॉस 20 के घर में हैं। ऐसे में उनके सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ी गतिविधियों की जिम्मेदारी उनकी टीम या मैनेजमेंट संभाल रहा होगा। हालांकि, अकाउंट के गायब होने की वजह को लेकर उनकी टीम की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। माही के पूर्व पति और अभिनेता जय भानुशाली की ओर से भी इस मामले पर फिलहाल कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रियलिटी शो में एंट्री के बाद से माही विज का व्यक्तित्व दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

देश

- **त्रिपुर सुंदरी** मंदिर के बाहर भीषण आग से मची अफरातफरी, चार दमकल वाहनों ने एक घंटे में पाया काबू
- **हरियाणा** में देश का सबसे ऊंचा रावण जला, दिल्ली में 30 फीट के कॉकरोच का दहन, मोदी-प्रियंका ने तीर चलाकर रावण जलाया
- **पंजाब** सीएम को दिल्ली एयरपोर्ट पर 3 घंटे रोका गया, आप का दावा- भगवंत मान का 50 हजार का चालान भी काटा, पेरिस से लौटे थे
- **13 लाख फॉलोअर्स** वाले फाइनेंस इन्फ्लुएंसर ने सुसाइड किया, पिता का आरोप- बेटे का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद हुआ था, साइबर बुलिंग भी हुई
- **राहुल** बोले-आरएसएस महिलाओं को पुरुषों की संपत्ति मानता है, मेरा भरोसा शिव-शक्ति में, इनके खिलाफ लड़ने में मुझे खुशी मिलती है

विदेश

- **ईरान बोला-** एक ग्राम एनरिच्ड-यूरेनियम भी देश से बाहर नहीं जाएगा, जब तक अमेरिका भरोसा पैदा नहीं करता, कोई बातचीत नहीं होगी
- **अमेरिका बोला-** पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार, उससे बातचीत जरूरी: रुबियो बोले- विदेश नीति के लिए ये जरूरी, भारत भी ईरान से दोस्ती रखता है
- **नीदरलैंड** के पहले गे ढट जल्द पिता बनेंगे, सोशल मीडिया पर लिखा- 2027 में आएगा नया मेहमान, दो महिला दोस्तों ने की मदद

व्यापार

- **भारत** में त्यौहारों के बावजूद स्मार्टफोन की बिक्री 26% घटी, 3.58 करोड़ फोन बिके, 10 साल में सबसे कम
- **एयरलाइंस** के किराए सरकार सीधे कंट्रोल नहीं करेगी, इमरजेंसी में कीमत तय करेगी

कार्टून..



सीजेपी कार्यकर्ताओं का जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह, बाहर आकर फिर प्रदर्शन करेंगे

हमारे आंदोलन की तुलना नेपाल-बांग्लादेश से न करें : दीपके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी चीफ अभिजीत दीपके ने मंगलवार को वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे प्रदर्शनों की तुलना नेपाल और बांग्लादेश के सत्ता बदलाव वाले हिंसक प्रदर्शन से करना ठीक नहीं। दीपके ने कहा- सौरव दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी पर सीजेपी समर्थक शांत रहें। खुद पर नफरत को हावी न होने दें। आंदोलन को शांति और प्रेम के रास्ते पर चलते रहना चाहिए।

हमने हिंसा का रास्ता नहीं चुना- मैसेज टु ऑल कॉकरोचेस हैडिंग से जारी वीडियो में दीपके ने कहा, 'सौरव दास और आशुतोष रांका का शांतिपूर्वक जेल जाना गांधीवादी सत्याग्रह का सबूत है। दोनों मुस्कुराते हुए जेल गए और उनके मन में गुस्सा या नफरत नहीं थी। हमने हिंसा का रास्ता नहीं चुना।'



भारत के प्रदर्शन विदेशी आंदोलनों से अलग

दीपके ने फ्रांस में हुए हिंसक युवा दंगों और बांग्लादेश-नेपाल के सत्ता बदलाव आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा, 'जो लोग लगातार उंगली उठाकर कहते हैं कि फ्रांस में देखिए क्या हो रहा है, उन्हें शर्म आनी चाहिए। भारत में जो हो रहा है, उसे देखिए। हमारे आंदोलन की तुलना हिंसक सत्ता बदलाव से नहीं की जा सकती। यह वैसा ही है जैसा महात्मा गांधी ने किया था। उनके मुताबिक, गांधी सत्याग्रह के कारण जेल जाते समय शांति से गए थे। दीपके ने कहा सौरभ और रांका बाहर आने के बाद भी उसी तरह मुस्कुराएंगे। वे इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाएंगे और महात्मा गांधी के शांति व अहिंसा के रास्ते पर चलते रहेंगे।

आशुतोष-सौरव का जंतर-मंतर केस क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर, दोनों की न्यायिक हिरासत आज खत्म होगी

दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं आशुतोष रंका और सौरव दास से जुड़े जंतर-मंतर मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, 13 अक्टूबर को आशुतोष और सौरव के कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर जाने पर दो एफआईआर दर्ज हुई थीं। कनॉट प्लेस केस मंगलवार को क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था। अब जंतर-मंतर केस भी क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है। सौरव और आशुतोष को 12 अक्टूबर को बिना अनुमति जंतर-मंतर जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दोनों की 5 दिन की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर को खत्म हुई थी, जिसे बढ़ाकर 21 अक्टूबर यानी आज तक कर दिया गया था। आज दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सौरव और आशुतोष ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने के स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनका कहना है कि जमानतदार पेश करने के बावजूद उन्हें हिरासत में रखा गया, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में दिल्ली से 4 और अरेस्ट, इनमें 2 महिलाएं भी शामिल

आरोपियों ने अमिताभ-सलमान, आमिर-अक्षय की रेकी की थी, सिक्योरिटी ज्यादा थी तो प्लान बदला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने वाले आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार की रेकी की थी, लेकिन सिक्योरिटी ज्यादा होने के कारण प्लान बदल दिया था। आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, लेकिन वह हमले से एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से भाग गया।

वहीं, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में मंगलवार को 4 और लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। आरोप है कि इन्होंने शूटरों को हथियार सप्लाई किए थे। आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के कुणाल (21), सुमित (19) और उत्तर प्रदेश की राधा (23), बबीता (23) के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने फायरिंग करने वाले बिहार के ऋतिक और हरियाणा के रेहान व फूल सिंह को सोमवार को कोटा से गिरफ्तार किया था।

मुंबई के जुहू में 18 अक्टूबर की शाम फुटबॉल खेलकर लौट रहे टाइगर की कार पर तीन बाइक सवारों ने फायरिंग की। हमले में टाइगर सुरक्षित रहे, जबकि उनका ड्राइवर घायल हो गया था। टाइगर खुद उसे कार से अस्पताल ले गए थे।



बिश्नोई महासभा ने कहा-सलमान खान माफी मांगें

लॉरेंस हमारा हीरो, बॉलीवुड एक्टर घमंड छोड़ते तो विवाद टल सकता था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हिसार

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के बीच हिसार में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा ने बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से बिश्नोई समाज से माफी मांगने को कहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुढ़िया ने कहा कि सलमान बीकानेर स्थित बिश्नोई समाज के पवित्र स्थल 'मुकाम' जाकर माफी मांगें।

उन्होंने लॉरेंस का समर्थन करते हुए कहा कि उसके खिलाफ अभी तक कोई अपराध सिद्ध नहीं हुआ है, इसलिए वह उनके लिए हीरो है। सलमान माफी मांगते हैं तो समाज उन्हें माफ करने पर विचार कर सकता है। बुढ़िया ने आगे कहा- अभी भी समय है, सलमान खान मुकाम जाकर माफी मांग सकते हैं। वे अगर ऐसा करते हैं तो समाज की धार्मिक मान्यताओं (जीव रक्षा) के तहत उन्हें माफ करने पर विचार किया जा सकता है। फायरिंग जैसी हिंसा गलत है और दोनों पक्षों से गलतियां हुई हैं। बॉलीवुड एक्टर घमंड छोड़ देते तो विवाद टल सकता था। उधर, कनाडा में खालिस्तानी समर्थक बिश्नोई समाज के लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन पर अटैक के साथ जॉब नहीं दी जा रही है। हाल ही में हरियाणा के युवक अंकुश बिश्नोई की कार पर हमला किया गया। उसे लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया गया। इसके अलावा एक युवती का सरनेम बिश्नोई होने पर जॉब नहीं दी गई।

टाइगर से पहले अमिताभ-सलमान थे असली टारगेट

टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग करने वाले आरोपी मुंबई में किसी बड़े स्टार को निशाना बनाने पहुंचे थे। मुंबई क्राइम ब्रांच और कोटा पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि उनके निशाने पर अमिताभ बच्चन, आमिर खान, सलमान खान और अक्षय कुमार समेत कई बड़े अभिनेता थे। कोटा पुलिस के मुताबिक, करीब एक महीने पहले आरोपियों को मुंबई भेजा गया था। लॉरेंस गैंग के गुर्गे अनिल पंडित ने उन्हें किसी बड़े स्टार को टारगेट करने के लिए कहा था। आरोपियों ने अभिनेताओं के घरों की रेकी की और उनके वीडियो अनिल पंडित को भेजे। हालांकि, कड़ी सुरक्षा देखकर उन्होंने अपना प्लान बदल दिया। इसके बाद आरोपियों ने टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाया, क्योंकि वे हर रविवार शाम फुटबॉल खेलने आते हैं। आरोपियों ने गूगल से टाइगर श्रॉफ की जानकारी जुटाई थी। उन्होंने सेल्फी लेने के बहाने उनकी कार के पास पहुंचकर फायरिंग करने का प्लान बनाया। सात दिन तक रेकी करने के बाद आरोपी रविवार को मौके पर पहुंचे। हालांकि, पार्क के बाहर भीड़ होने के कारण उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

गिरफ्तार महिलाओं पर हथियार पहुंचाने का आरोप

वहीं दिल्ली से गिरफ्तार 4 आरोपियों में से कुणाल और सुमित ने ही हथियारों का इंतजाम किया था। इसके बाद ये हथियार राधा और बबीता के जरिए शूटरों तक पहुंचाए गए थे। जांच में पता चला है कि कुणाल, अनिल पंडित के संपर्क था। अनिल पंडित लॉरेंस गैंग से जुड़ा है, जिसने ही टाइगर पर हमले की जिम्मेदारी ली थी।

लिवइन पार्टनर की हत्या की आरोपी मॉडल श्रद्धा गिरफ्तार

11 दिन से फरार थी, यूपी एसटीएफ ने बहन-ड्राइवर के साथ नागपुर से पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

लखनऊ के करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा हत्या की आरोपी लिवइन पार्टनर मॉडल श्रद्धा दुबे को मंगलवार को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

श्रद्धा पर 50 हजार का इनाम था। वह 11 दिन से फरार थी। दावा है कि वह लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। 18 अक्टूबर को नेपाल से वापस यूपी लौट आई। उसने न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दिया। श्रद्धा ने कहा- मैंने शिवा की हत्या नहीं की है। शिवा मेरी आंखों के सामने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदा था।

श्रद्धा इंटरव्यू देकर चली गई, लखनऊ पुलिस पकड़ नहीं पाई। तब यूपी एसटीएफ को लगाया गया। श्रद्धा की बहन और ड्राइवर दानिश को भी गिरफ्तार किया गया है। श्रद्धा ने पुलिसवालों से कहा- गाड़ी में आगे बैठ जाऊं। पीछे बैठने से सांस फूलती है। यूपी एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया, श्रद्धा छोटे-छोटे लॉज में रह रही थी। वह बुर्के का इस्तेमाल कर रही थी। मोबाइल भी कम इस्तेमाल कर रही थी। 9 अक्टूबर को कारोबारी शिवा शर्मा की लखनऊ के अवध ग्रीन अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई थी। श्रद्धा की आखिरी लोकेशन आगरा मिली थी। वह बुर्के में सीसीटीवी में कैद हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, मॉडल श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर पहले कार से दिल्ली पहुंचे। इसके बाद तीनों ने वहां से फ्लाइट पकड़ी और नागपुर रवाना हो गए थे।



नाबालिग ने तोड़फोड़ की तो माता-पिता भरपाई करेंगे

इटली। इटली में हिंसक प्रदर्शन करने वालों को अब 5 साल तक जेल और करीब 21 लाख रुपए तक जुमार्ना देना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने मंगलवार को मिलान में दुकानों में लूटपाट और आगजनी के बाद सुरक्षा के नए नियमों को मंजूरी दी है। नए नियमों के तहत नाबालिगों के किए नुकसान की भरपाई उनके माता-पिता को करनी होगी। साथ ही, 14 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों पर केस चलाना आसान होगा। सरकार ने मिलान में सुरक्षा बढ़ाने के लिए साल के आखिर तक 500 अतिरिक्त सैनिक तैनात करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि हिंसा में इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का शामिल होना दुखद और डराने वाला है।

केदारनाथ में तापमान माइनस 7 डिग्री, राजस्थान में ओले गिरे

पटना/देहरादून। राजस्थान के दक्षिणी जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। आज से अगले तीन दिन तक मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 24 अक्टूबर से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। वहीं, पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मध्य प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में पिछले 5 दिन से आंधी-बारिश हो रही है। अगले 2 दिन भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। मंगलवार को रतलाम, महू समेत कई जगहों पर बारिश हुई। उत्तराखंड के 9 जिलों में मंगलवार को न्यूनतम पारा 12 डिग्री से नीचे रहा। बद्रीनाथ में पारा माइनस 8 डिग्री और केदारनाथ में माइनस 7 डिग्री, गंगोत्री का माइनस 4 डिग्री और यमुनोत्री का 0 डिग्री दर्ज किया गया।

देश का सबसे बड़ा आईपीओ आज से खुलेगा

जीयो 30,188 करोड़ जुटाएगी, 23 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का देश का सबसे बड़ा आईपीओ आज, 21 अक्टूबर से ओपन होगा। इसके जरिए कंपनी 30,188 करोड़ रुपए जुटाएगी। यह आईपीओ 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा।

इसमें मिनिमम 13,428 का निवेश करना होगा। ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से लिस्टिंग पर 22% रिटर्न मिल सकता है। इस आईपीओ में रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सर्विसेज कंपनी 27 करोड़ शेयर जारी कर रही हैं। एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 है। लिस्टिंग के बाद कंपनी का मार्केट कैप 10.30 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।

कर्मचारियों और शेयरहोल्डर्स के लिए 3,000 करोड़ के शेयर्स रिजर्व

कर्मचारियों के लिए: एम्प्लॉइज के लिए 500 करोड़ तक के शेयर रिजर्व रखे गए हैं।

एम्प्लॉई डिस्काउंट: कर्मचारियों को हर शेयर पर 54 की छूट भी मिलेगी।

आरआईएल शेयरहोल्डर्स: एलिजिबल शेयरहोल्डर्स के लिए 2,500 करोड़ तक का कोटा है।

बीजेपी का दावा- राहुल गांधी वियतनाम गए

फ्लाइट का वीडियो पोस्ट कर लिखा- झूठ फैलाते-फैलाते थक गए, कांग्रेस बोली- दूसरे लोग भी विदेश जाते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में एसआईआर को लेकर प्रदर्शन के बीच बीजेपी ने दावा किया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वियतनाम गए हैं। पार्टी ने फ्लाइट के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है।

वीडियो में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है, जिसे बीजेपी ने राहुल गांधी बताया है। पार्टी ने कैप्शन में लिखा- झूठ फैलाते-फैलाते थक गया। कुछ दिन वियतनाम घूम आता हूं, किसी को क्या ही पता चलेगा।

हालांकि, वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान और विमान के वियतनाम जाने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल के विदेश जाने को मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है, जबकि दूसरे लोग भी विदेश यात्राएं करते हैं।

बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि राहुल पहले भी ऐसा पहले भी करते रहे हैं। बिहार में यात्रा के बाद भी राहुल गांधी वियतनाम यात्रा पर गए थे। संभव है कि इस बार भी वहीं गए हों। वहीं बीजेपी नेता शाजिया इल्मी ने कहा- राहुल राजनीतिक काम का दबाव नहीं सह पाते और कुछ समय बाद छुट्टी पर चले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी दो हफ्ते भी काम नहीं कर पाए और फिर विदेश चले गए।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बीजेपी के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी कहां जाते हैं और कब यात्रा करते हैं, इसे मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे लोग भी विदेश जाते हैं। संदीप ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं का बचाव करते हुए कहा कि वे येल यूनिवर्सिटी और लंदन में छात्रों से बातचीत करते हैं।

लोन दस्तावेज और निजी जानकारी लीक होने की आशंका से बढ़ी चिंता

एसबीआई के 3.75 लाख रिकॉर्ड चोरी होने का दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहकों से जुड़े कथित डेटा लीक के दावे ने बैंकिंग जानकारी की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। साइबर सिक्योरिटी पर नजर रखने वाले सोशल मीडिया अकाउंट सायबर प्लस56 के अनुसार, सिरीयूसिम नाम से पहचाने गए एक कथित हैकर ग्रुप ने बैंकिंग ग्राहकों से जुड़े लगभग 3.75 लाख रिकॉर्ड और 2,722 पीडीएफ दस्तावेज होने का दावा किया है। बताया गया है कि कथित डेटा में ग्राहकों के पते, लोन आवेदन, खाता खोलने से संबंधित फॉर्म और अन्य सहायक दस्तावेज शामिल हो सकते हैं।



हालांकि, अब तक उपलब्ध जानकारी के आधार पर एसबीआई के सिस्टम से डेटा चोरी होने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कथित रिकॉर्ड की वास्तविकता, उनके स्रोत और संभावित रूप से प्रभावित ग्राहकों की संख्या भी स्पष्ट नहीं है। इसलिए इस मामले को फिलहाल डेटा चोरी का प्रमाणित मामला कहने के बजाय एक अपुष्ट साइबर सुरक्षा दावे के रूप में देखना जरूरी है। द इकोनॉमिक्स टाईम्स ने 20 अक्टूबर 2026 को अपनी रिपोर्ट में इस दावे का उल्लेख किया। रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर सिक्योरिटी अकाउंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस मामले की जानकारी साझा की थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कथित डेटा की प्रामाणिकता, स्रोत और वास्तविक प्रभाव की पुष्टि नहीं हुई है। सायबर प्लस56 के सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, सिरीयूसिम नाम के कथित हैकर ग्रुप के पास सीएसवी फॉर्मेट में लगभग 3.75 लाख रिकॉर्ड और 2,722 पीडीएफ फाइलें होने का दावा किया गया है।

सरकार गिरफ्तार या टॉर्चर कर सकती है, फिर भी दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी : शेख हसीना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा है कि वह दिसंबर में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की मौजूदा तारिक रहमान सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है, मार सकती है या टॉर्चर कर सकती है, लेकिन कितना भी खतरा हो, मुझे इसकी परवाह नहीं है। मुझे अपने देश लौटना ही है। उन्होंने आगे कहा कि वह तारिक रहमान की सरकार से डरती नहीं हैं और अपने देश वापस लौटना उनकी जिम्मेदारी है।

हसीना अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में रह रही हैं।

शेख हसीना ने मुश्किल समय में उन्हें शरण देने के लिए भारत सरकार और लोगों का शुक्रिया किया। उन्होंने 1975 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी भारत ने उन्हें सहारा दिया था।

हसीना ने कहा, मैं भारत सरकार, यहां के लोगों और सभी राजनीतिक दलों की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने मुझे वैसे ही अपनाया, जैसे 1975 में अपनाया था। दरअसल, 1975 में बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट के दौरान हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई थी। वह बांग्लादेश के संस्थापक थे।

महाकाल श्रृंगार



बाबा का भांग-चंदन-सिंदूर और आभूषणों से किया श्रृंगार

अपनेतक

रावण तो हर साल जलता है, बुराई फिर भी जिंदा है!

हर साल दशहरे पर रावण का दहन होता है, आतिशबाजी होती है और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाता है। लेकिन सवाल यह है कि जब रावण हर साल जलता है, तो समाज में बुराइयां कम होने के बजाय बढ़ती क्यों नजर आती हैं? भ्रष्टाचार, अहंकार, छल, अन्याय और महिलाओं के प्रति अपराध आखिर कब खत्म होंगे? रावण के पुतले को जलाना आसान है, लेकिन अपने भीतर बैठे अहंकार, लालच और द्वेष के रावण को मारना मुश्किल। असली दशहरा उस दिन होगा, जब रावण केवल मैदान में नहीं, बल्कि इंसान के विचारों और आचरण में भी मरेगा। पुतला जलाने से परंपरा निभती है, लेकिन बुराई मिटाने के लिए खुद को बदलना पड़ता है।

विजयदशमी पर बाबा महाकाल की पालकी पर यादव अहीर महासभा ने की पुष्पवर्षा

उज्जैन। असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयदशमी पर प्रजा का हाल जानने निकले बाबा महाकाल की सवारी का ग्रांड होटल पर मप्र कुश्ती संघ अध्यक्ष नारायण यादव और यादव अहीर महासभा के नेतृत्व में समाजजनों ने भव्य स्वागत किया।

वर्ष में एक बार फ्रीगंज पहुंचने वाली सवारी पर पुष्पवर्षा कर आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। स्वागत समारोह के दौरान जमना यादव, संजय बाबा, अभय यादव, नमित यादव, दीपक जायसवाल, विजय यादव, श्याम यादव, अशोक जैन, मुन्ना सरकार और ओम यादव, शेखर यादव बाबूजी, राजाराम यादव सहित नारायण यादव मित्र मंडली एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सवारी के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुगमता से दर्शन हो सकें, इसके लिए फ्रीगंज में विशेष रूप से ऊंचे मंच की व्यवस्था की गई थी। यहां बड़ी संख्या में समाजजनों ने शामिल होकर बाबा महाकाल के दर्शन लाभ लिए।

सकल सिंधी समाज के गरबे में शामिल हुईं टीवी एक्ट्रेस नेहा मेहता, सिखाए सेहत के गुर

उज्जैन। इंदौर रोड स्थित होटल पार्क पैलेस में सकल सिंधी समाज का गरबा महोत्सव पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। संस्था संरक्षक नारायण यादव और समाजसेवी महेश परियानी के मार्गदर्शन में हो रहे इस ऐतिहासिक गरबा महोत्सव में चर्चित धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री नेहा मेहता शामिल हुईं। उनके गरबा प्रांगण में पहुंचते ही लोग झूम उठे। नेहा मेहता ने सभी को करेले का जूस पीने की सलाह दी, उसे बनाने की विधि बताई, बच्चों और महिलाओं को पुरस्कृत किया तथा आयोजकों को धार्मिक आयोजन की बधाई देते हुए मंच पर गरबा भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम सभापति कलावती, समाजसेवी नारायण यादव और राजेश कुशवाहा शामिल हुए। विभिन्न मंडलों ने भी गरबे में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समाजसेवी नारायण यादव और सभापति कलावती यादव ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए शहर, प्रदेश और देश के स्वस्थ रहने तथा रक्षा की कामना की। उन्होंने महेश परियानी के नेतृत्व में हो रहे द्वितीय वर्ष के इस ऐतिहासिक गरबे और पर्दे के पीछे काम करने वाली टीम की प्रशंसा की। अतिथियों ने कन्याओं को उपहार भी दिए। नारायण यादव ने कहा कि उज्जैन सहित पूरे देश में माता की आराधना हो रही है, जिससे प्रतीत होता है कि सनातन ही सत्य है। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कृपलानी और दीपक बेलानी ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथियों का समाज के मुखिया महेश परियानी और संयोजक टीम ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

उज्जैन में वीआईपी मस्त,जनता हो रही है त्रस्त...





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशहरे पर सभी लोगों को उत्साह रहता है शाम को रावण दहन के सार्वजनिक कार्यक्रम का। शहर का परंपरागत रावण दहन ,दशहरा मैदान मे होता है और आयोजन समिति भी अपने तइ बहुत प्रयास करती है कि समारोह अच्छा हो किन्तु नेता नगरी मे भाषण तो होना लाजिमी है बस यहीं आकर रावण दहन कार्यक्रम से मुंह कसैला हो जाता है। रावण दहन के पूर्व आम जनता को एक मूक संत्रास झेलना पडता है और वह होता है ढेर सारे नेताओं का उबाऊ भाषण। स्वप्रशंसा और अपने भाई साहब की प्रशंसा मे कसीदे पढते वक्ता नेताओं के भाषण ,जनता बीसियों बार सुन चुकी होती है तो भाषण उबासी ही लाएगा। वहां मैदान मे खडे प्रौढ व बुजुर्ग दर्शकों के पैर दर्द से डगमगाते हैं और इधर मंच से एक के बाद एक नेताओं की निरंतर भाषणबाजी। अब जनता के पैर दर्द करें तो क्या आसमान टूट गया उन्हें रावण दहन और आतिशबाजी का मनोरंजन भी तो मुफ्त मे मिल रहा है।

दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर पैदल चलना मतलब यमरूपी दौडते वाहनों से बचकर चलना। इतनी भीड के बीच भी वाहन चालक बेरोकटोक वाहन लेकर चल रहे थे और हार्न की कर्कश आवाज ध्वनि प्रदूषण मे इजाफा करती रही किन्तु पुलिस क्या करती रही ये एक यक्ष प्रश्न है। यातायात पुलिस के सख्त रवैया तो शायद इतिहास बनकर रह गया है। रावण दहन के बाद छूटे लोग जब दशहरा मैदान से बाहर निकले तो सडकों पर दोनो तरफ बेतरतीब खडे वाहनों के बीच चलना मुसीबत था ही ऊपर से पीछे आ रहे चलते वाहनों से बचना भी बडा कठिन था। दशहरा जैसे पर्व पर सार्वजनिक समारोह के दौरान भी नो व्हीकल जोन का न होना हैरत का विषय है। बेहतर होता यदि कालिदास मांटेसरी स्कूल परिसर मे और कोठी रोड पर पार्किंग व्यवस्था की जाती । कम से कम पैदल जानेवाले स्वतंत्रता से रोड पर तो सुरक्षित होते।

दूरगामी योजना कब बनेगी

हर साल दशहरा आता है और इस दौरान भीड का काफी दबाव दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर होता है किन्तु प्रशासन जनता का आवागमन सुलभ बनाने की कोई नीति ही नहीं बनाता। व्यवस्थित पार्किंग व नो व्हीकल जोन की योजना होना चाहिए और उस पर सख्ती से अमल भी होना चाहिए। वीआईपी तो इन सभी मुश्किल से कभी दो चार होते नहीं अतः वे तो मस्त ही हैं पर जनता त्रस्त है जो शायद उसका दुर्भाग्य है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का मप्र इंटक और मिल मजदूर संघ ने किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का 20 अक्टूबर को कोयला फाटक स्थित उज्जैन मिल मजदूर संघ कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। मप्र इंटक और उज्जैन मिल मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर पुष्पवर्षा कर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया।

यात्रा में शामिल कंप्यूटर बाबा, सैकड़ों साधु-संतों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा का भी स्वागत किया गया। मप्र इंटक की सुशीला यादव व सुनीता तोमर ने दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता राय का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने मजदूर संघ कार्यालय में विश्राम किया और संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह भदोरिया व कोषाध्यक्ष संतोष सुनहरे से चर्चा कर कार्यालय के संबंध में शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसमुदाय और कांग्रेस सेवादल के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस दौरान मजदूर संघ में पत्रकार वार्ता भी संपन्न हुई। मप्र इंटक के अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नाती और महामंत्री बीडी गौतम की उपस्थिति में उज्जैन मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह भदोरिया, प्रधान मंत्री असगर खान, कोषाध्यक्ष संतोष सुनहरे, मप्र इंटक उपाध्यक्ष अर्जुन निमावत, शेषमणि पाण्डे, संयुक्त महामंत्री शंकर दयाल शर्मा, अशोक गोस्वामी, विनोद पाण्डे, ध्रुव नारायण गुप्ता, मध्यप्रदेश नेशनल टेक्सटाईल कर्मचारी संघ के मंत्री रविन्द्र सिंह भदौरिया एडवोकेट, सलाहकार देवेन्द्र सिंह भदौरिया, भूपेन्द्र सिंह कुशवाह, रामनारायण जाटवा और रमेश शर्मा ने पुष्पगुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया।

दशहरे पर नगर निगम के 400 से अधिक वाहनों का पूजन, निगमायुक्त ने चालकों को दिया सुरक्षा का संदेश

स्वच्छता, निर्माण और नागरिक सेवाओं में जुटे वाहनों व मशीनों की पूजा कर सुरक्षा नियमों के पालन के दिए निर्देश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के पावन अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम के 400 से अधिक वाहनों और मशीनों का विधि-विधान से पूजन किया। स्वच्छता, निर्माण कार्यों और नागरिक सेवाओं में उपयोग होने वाले इन संसाधनों के पूजन के साथ उन्होंने निगम के वाहन चालकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा और यातायात अनुशासन का संदेश दिया।

इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम के वाहन और मशीनें शहर की स्वच्छता व्यवस्था, विकास कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन संसाधनों का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित ड्रेस कोड में ड्यूटी करने तथा वाहन संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विजयादशमी पर आयोजित इस पूजन कार्यक्रम के माध्यम से निगम के संसाधनों के प्रति सम्मान के साथ सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने का संदेश दिया गया।

उज्जैन में नन्हे राम जी स्वरूप का एसपी एवं कलेक्टर को आशीर्वाद



दशहरा मैदान में आने वाली सवारी के दौरान भगवान राम के स्वरूप में सजे नन्हे बालक ने पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को आशीर्वाद दिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहजता और श्रद्धाभाव के साथ नन्हे राम स्वरूप का सम्मान किया। महाकाल की नगरी में आस्था, संस्कार और सादगी का यह मनमोहक दृश्य हर किसी का मन मोह लेने वाला है।

कन्या भोज के बाद हुआ रावण दहन

वसंत विहार में नौ दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव का हुआ भव्य समापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि गरबा महोत्सव का समापन हो गया है। मंच अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव की पूर्णता पर मंगलवार को कन्या भोज का आयोजन किया गया, वहीं रात 8 बजे भव्य रावण दहन संपन्न हुआ।

मंच के सहसचिव नरेंद्र कुमार चौरसिया ने बताया कि 11 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात 8 से 10 बजे तक गरबा आयोजित किया गया। इसमें बालक, बालिकाओं और महिलाओं ने चनिया चोली, कांच वर्क वाले लहंगे, बंधानी और काठियावाड़ी जैसी पारंपरिक वेशभूषा में उत्साह से भाग लिया। प्रतिदिन गरबे से पूर्व पंडित शिवशंकर चतुर्वेदी द्वारा माता की पूजा और महाआरती संपन्न कराई गई। अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ गरबा नर्तक, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा और सर्वश्रेष्ठ डांडिया के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। गरबा महोत्सव के समापन के बाद 20 अक्टूबर, मंगलवार सुबह 11 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण में कन्या भोज आयोजित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान में कॉलोनी की सैकड़ों कन्याओं ने भाग लिया और प्रसादी ग्रहण की। विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार रात 8 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन किया गया।

परम्पराः अग्रवाल नवयुवक मंडल ने किया शस्त्र पूजन

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को किया नमन, समाजजनों ने की सहभागिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गोलामंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों, ट्रस्टियों और मंडल सदस्यों ने सहभागिता कर शस्त्र पूजन किया।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाना तथा महाराजा अग्रसेन के आदर्शों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है।

इस अवसर पर अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सचिव दीपक मित्तल, ट्रस्टी सीए संजय अग्रवाल, जयकिशन अग्रवाल, मधुर चौधरी और पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अग्रवाल नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, प्रियेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, आयुष चौधरी, महेश अग्रवाल, नवीन जैन, अक्षत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अवध सिंघल, नितिन सिंघल, राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम बंसल, कृष्णा अग्रवाल, मोनिल अग्रवाल, आदित्य मंगलम, आदित्य जैन, विनय अग्रवाल और पवन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। अंत में मंडल अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल और प्रियेश अग्रवाल ने आभार माना।

नानाखेड़ा में रावण दहन 22 को, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

उज्जैन। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी शहर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में नानाखेड़ा स्थित रावण दहन स्थल पर भूमि पूजन के साथ लोकोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे रावण दहन किया जाएगा, जिसके लिए आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नानाखेड़ा रावण दहन के संयोजक अभिषेक सिसोदिया ने बताया कि समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी की अध्यक्षता में क्रूर राक्षस रूपी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यह आयोजन संस्था के संरक्षक व समाजसेवी नारायण यादव और विक्रम विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह के संरक्षण में भव्य रूप से संपन्न होगा।

परीक्षा में बड़ा बदलावः 2 अंक वाले प्रश्नों में विकल्प खत्म

10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को सभी लघु उत्तरीय प्रश्नों के देने होंगे जवाब, 3 और 4 अंक वाले प्रश्नों में विकल्प रहेंगे बरकरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पैटर्न में बदलाव की जानकारी सामने आई है। नए पैटर्न के तहत 2 अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा समाप्त किए जाने की बात कही गई है। इसके चलते विद्यार्थियों को दिए गए प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य होगा और वे अपनी पसंद के अनुसार दूसरा प्रश्न नहीं चुन सकेंगे।

हालांकि, 3 और 4 अंकों वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प की सुविधा पहले की तरह जारी रहने की जानकारी दी गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करते समय सभी अध्यायों पर समान रूप से ध्यान देना होगा, ताकि किसी विशेष विषय या प्रश्न से बचने की गुंजाइश न रहे। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने की जानकारी दी गई है। इन परीक्षाओं में करीब 18 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव की खबर के बाद विद्यार्थियों को अपनी तैयारी और उत्तर लिखने की रणनीति में जरूरी बदलाव करना होगा। विद्यार्थियों के लिए जरूरीः परीक्षा पैटर्न में बदलाव और परीक्षा तिथियों की अंतिम पुष्टि के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की आधिकारिक अधिसूचना एवं विषयवार मॉडल प्रश्नपत्र जरूर देखें।



महाकाल की पालकी का श्री चिड़ार समाज ने किया भव्य स्वागत

उज्जैन। दशहरा महापर्व पर वर्ष में एक बार फ्रीगंज आने वाली बाबा महाकाल की पालकी का श्री चिड़ार समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। 20 अक्टूबर की शाम माधवनगर अस्पताल के सामने स्थापित मंच से पालकी पर पुष्पवर्षा कर पूजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र गोइया ने बताया कि समाज के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास ब्रामनिया के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ प्रेमनारायण बरहा, कमलेश धंधेरे, सन्नी गोइया, ऋतिक आठिया, प्रदीप गोइया, मधु बरहा, गंगा मगरिया, अजय मगरिया, भावेश गोइया, आनंद बरहा, जिया गोइया और शौर्या बरहा सहित अन्य समाजजनों ने मंच पर उपस्थित होकर बाबा महाकाल की सवारी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महिलाओं ने शमी वृक्ष की पूजन कर लिया विजय होने का आशीष



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी मे प्रकृति पूजा की पुरातन परंपरा रही है। सनातन धर्म मे वृक्षों मे देवताओं का वास माना गया है। शमी भगवान शंकर और गणेशजी को प्रिय है। घर की सुख, शांति व समृद्धि की अभिलाषा से महिलाएं शमी वृक्ष का विधि विधान से पूजन करती हैं और पति के विजयी होने की कामना करती हैं। विजयादशमी पर शहर मे महिलाओं ने शमी को जल, लाल वस्त्र, मौली अर्पित कर आशीष प्राप्त किया। शमी के वृक्ष के नीचे शाम को श्रद्धालुओं ने सरसों के तेल का दीपक प्रज्जवलित किया। प्रकृति पूजन की हमारी वैभवशाली विरासत को सहेजते हुए युवतियां भी नजर आईं।

उज्जैन
बुधवार
21
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।

अर्थः हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है, और संभालने से घटता है।

खबर एक नजर...

इंदौर में बीमारी से परेशान छात्रा ने किया सुसाइड

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के संत नगर में किराए से रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा सोनम चौहान पुत्री रमेश चौहान ने फांसी लगा ली। सोनम मूल रूप से ग्राम मूवी माल, खलवा, जिला खंडवा की रहने वाली थी। वह इंदौर के होलकर साइंस कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। सोनम अपनी सहेली नंदिनी के साथ रहती थी। सोमवार को नंदिनी बाजार से लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। सूचना मिलने के बाद दरवाजा तोड़ा गया, जहां सोनम फंदे पर लटकी मिली। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। शुरूआती जानकारी के अनुसार, सोनम पिछले दो महीने से लगातार बीमार रहने के कारण डिप्रेशन में थी।

घर के ऊपर वाले कमरे में मिला नवविवाहिता का शव

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र के रुस्तम का बगीचा में रहने वाली 21 वर्षीय अंजलि पति मयंक रत्नवाल ने घर के ऊपर वाले कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय उसके पति और सास-ससुर घर से बाहर गए हुए थे। शाम को अंजलि की ननद घर लौटी और आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। ऊपर जाकर देखने पर अंजलि फंदे पर लटकी मिली। अंजलि का मायका गुना में है। परिजनों के मंगलवार सुबह इंदौर पहुंचने के बाद पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू की। मयंक कारों की बॉडी पेंटिंग का काम करता है।

गंभीर बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग ने घर लगाई फांसी

इंदौर। सदर बाजार थाना क्षेत्र के तिलकपथ निवासी 79 वर्षीय मांगीलाल पुत्र गोरेलाल लश्करी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, मांगीलाल काफी समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। शारीरिक परेशानियों के कारण वे तनाव में चल रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर जांच शुरू कर दी है।

अंजनी नगर में महिला ने लगाई फांसी

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में 32 वर्षीय बरखा पति कैलाश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

युवक की मौत के बाद परिजन ने किया चक्काजाम

इंदौर। इंदौर के बाणगंगा में रहने वाले एक युवक की मौत के बाद उसके परिजन और दोस्तों ने चक्काजाम कर दिया। युवक ने एक दिन पहले जहर खा लिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। हालांकि, थाना प्रभारी की समझाइश के बाद परिजन ने चक्काजाम खत्म कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, युवक का नाम चिराग सेन है। वह रविवार रात अपनी दोस्त युवती के साथ गरबा देखने खजराना इलाके में गया था। यहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद चिराग ने जहर खा लिया। उसे उपचार के लिए अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम यात्रा के दौरान परिजन हाथों में पोस्टर लेकर रास्ते में बैठ गए। उनका आरोप था कि युवती ने चिराग को प्रताड़ित किया था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। परिजन ने युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस की समझाइश के बाद करीब आधे घंटे में परिजन मौके से हट गए। इसके बाद चिराग का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने बुधवार को परिजन को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया है। चिराग के परिवार में माता-पिता, एक भाई और भाभी हैं।

रोहित बनकर अनस युवती से मिलने पहुंचा, ऑनलाइन ऐप पर हुई थी दोस्ती

इंदौर। ऑनलाइन ऐप के जरिए पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाजियाबाद निवासी अनस खान ने खुद को रोहित बताकर राजस्थान की एक युवती से संपर्क किया। सोमवार शाम वह युवती से मिलने इंदौर पहुंचा, जहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। बजरंग दल के संयोजक प्रवीण देअकर के मुताबिक युवती मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की रहने वाली है और तलाकशुदा है। वह फिलहाल इंदौर के गौरी नगर क्षेत्र में अपनी बहन के घर रहकर ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही है। युवती के अनुसार कुछ समय पहले ऑनलाइन ऐप पर उसकी दोस्ती रोहित नाम के व्यक्ति से हुई थी। सोमवार शाम आरोपी युवती से मिलने इंदौर पहुंचा। दोनों मेरियट होटल के पास मौजूद थे। बातचीत के दौरान युवक ने अपना असली नाम अनस खान बताया। इसी बीच बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि एक युवक कथित तौर पर अपनी पहचान छिपाकर युवती के साथ घूम रहा है।

इंदौर में मंगलवार को दशहरे पर अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन किया

111 फीट के रावण का दहन, शूर्पणखा का प्रतीक भी जलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में मंगलवार को दशहरे पर अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन किया गया। दशहरा मैदान पर 111 फीट ऊंचे रावण का दहन हुआ, वहीं संस्था पौरुष ने पहली बार शूर्पणखा के प्रतीक का पुतला जलाकर महिला अपराधों के खिलाफ संदेश दिया।

शहर में कहीं श्रीराम-रावण युद्ध का मंचन हुआ, तो कहीं रावण की आंखों से अंगारे और मुंह से धुआं निकलने वाले पुतले आकर्षण का केंद्र बने। नशे के खिलाफ संदेश देने के लिए नाशासुर और ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन पर कटाक्ष करने वाले प्रतीकात्मक पुतले भी जलाए गए। सोमवार को हुई बारिश के बाद आयोजकों की चिंता बढ़ी थी, लेकिन कई स्थानों पर वाटरप्रूफ रावण तैयार किए जाने से आयोजन प्रभावित नहीं हुए। विभिन्न मैदानों में आतिशबाजी, शोभायात्रा और राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया।

दशहरा मैदान पर 111 फीट के रावण का दहन- दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण सलवाड़िया और पिंटू जोशी के मुताबिक, दशहरा मैदान पर 111 फीट ऊंचे रावण के साथ 250 फीट चौड़ी लंका का दहन किया गया। आयोजन में श्रीराम-रावण युद्ध और हनुमानजी की वानर सेना द्वारा लंका पर चढ़ाई का मंचन भी हुआ। इससे पहले महूनाका से शोभायात्रा निकाली गई। होलकर स्टेट के पदाधिकारियों की पालकी के साथ शोभायात्रा दशहरा मैदान पहुंची, जहां शमी पूजन किया गया। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात 7.30 बजे रावण दहन हुआ।

नशे और ऑनलाइन शॉपिंग पर भी कटाक्ष- दशहरे के आयोजनों में सामाजिक संदेश भी शामिल रहे। एक आयोजन में नशे के खिलाफ जागरूकता के उद्देश्य से ह्यनाशासुरह्व का पुतला जलाया गया। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग के प्रतीकात्मक पुतले को रावण का रूप देकर दहन किया गया। आयोजकों ने इन प्रतीकों के जरिए सामाजिक समस्याओं और बदलते बाजार के प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

पहली बार शूर्पणखा के प्रतीक का दहन

संस्था पौरुष की ओर से इस बार रावण के साथ शूर्पणखा के प्रतीक का भी दहन किया गया। आयोजकों ने देश में चर्चित पांच महिला अपराधियों के नामों को शूर्पणखा के प्रतीक से जोड़कर पुतला तैयार किया था। उनके मुताबिक, आयोजन का उद्देश्य महिला अपराधों के खिलाफ संदेश देना था।

चिमनबाग और रामबाग में भी रावण दहन

शहर के चिमनबाग और रामबाग सहित अन्य स्थानों पर भी रावण दहन किया गया। आयोजनों में आकर्षक आतिशबाजी और राम-रावण युद्ध के मंचन के जरिए लोगों को रामायण के प्रसंग दिखाए गए। अलग-अलग स्थानों पर रावण के पुतलों की ऊंचाई और उनकी बनावट भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।

यूथ कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार के मुखौटे वाला पुतला जलाया

इंदौर में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा लगाए रावण के पुतले का दहन भी किया गया। यह आयोजन राजनीतिक विरोध के तौर पर किया गया।

रिटायर्ड टीचर पर कपड़े उतरवाने का आरोप, 4 घंटे कमरे में बंद रखा, थाने में हंगामा

कन्या भोज में बुलाकर 7 बच्चियों से मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



कन्या भोज के लिए गईं 7 बच्चियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि शहनाई रेसिडेंसी के फ्लैट में रहने वाली सरकारी स्कूल की रिटायर्ड टीचर अनिता मोहता ने बच्चियों पर चोरी का आरोप लगाकर उन्हें पीटा। उनके कपड़े उतरवाने और करीब 4 घंटे तक कमरे में बंद रखने का भी आरोप है। बच्चियों को लेकर परिजन एमआईजी थाने पहुंचे और महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बच्चियों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गिफ्ट और पैसे देने का कहकर बुलाया- बच्चियों के मुताबिक, वे बीआरटीएस के एमआर-9 चौराहे के पास स्थित शहनाई रेसिडेंसी में कन्या भोज के लिए गई थीं। वहां फ्लैट नंबर 303 में रहने वाली अनिता मोहता ने उन्हें अपने घर भी खाने के लिए बुलाया। महिला ने गिफ्ट और पैसे देने की बात कही थी।

चोरी का आरोप लगाकर थप्पड़ मारे- बच्चियों का आरोप है कि घर पहुंचने के बाद महिला ने वहां रखे पैसे चोरी करने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्हें कमरे में बंद कर थप्पड़ मारने लगी। बच्चियों ने चोरी करने से इनकार किया, लेकिन महिला ने उनकी बात नहीं सुनी। परिजनों ने बच्चियों के कपड़े उतरवाकर पीटने का भी आरोप लगाया है।

नया बसेरा में 10 साल तक पढ़ाया- जिस महिला पर आरोप लगाए गए हैं, वह सरकारी स्कूल से रिटायर्ड टीचर हैं। उन्होंने नया बसेरा स्थित उस इलाके में करीब 10 साल तक पढ़ाया है, जहां ये बच्चियां रहती हैं। एमआईजी थाना प्रभारी चंद्रभाल सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। बच्चियों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और जांच की जा रही है।

चिल्लाने पर धमकी देने का आरोप

परिजनों के अनुसार, बच्चियों को करीब चार घंटे तक कमरे में बंद रखा गया था। दरवाजे पर ताला लगा दिया गया था। आरोप है कि बच्चियों को धमकी दी गई कि अगर वे चिल्लाईं तो उन्हें घर नहीं जाने देंगे और जान से मार देंगे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन बच्चियों को लेकर एमआईजी थाने पहुंचे। उन्होंने महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

राजस्व का नुकसान पहुंचने की आशंका

पानी की किल्लत:इंदौर समेत 55 निकायों को आपात फंड की जरूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर संभाग के 55 नगरीय निकायों ने कमजोर मानसून के बाद संभावित जल संकट से निपटने के लिए सरकार से 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की अतिरिक्त राशि मांगी है। इनमें 3 नगर निगम, 11 नगर पालिकाएं और 41 नगर परिषदें शामिल हैं।

निकायों को टैंकर चलाने, ट्यूबवेल खनन, हाइड्रेंट बनाने, मोटर पंप बदलने और जल वितरण व्यवस्था सुधारने के लिए राशि चाहिए। इसके अलावा करीब 18 करोड़ रुपए के बिजली बिलों का बकाया भुगतान भी मांगा गया है। इस साल संभाग के सभी आठ जिलों में औसत से कम बारिश हुई है। जलसंकट की आशंका को देखते हुए सरकार ने नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर समीक्षा शुरू की है। हाल ही में इंदौर सहित सात अन्य जिलों के नगरीय निकायों में पानी की उपलब्धता और वैकल्पिक इंतजामों पर चर्चा हुई। बैठक में आठ निकायों में गंभीर जल संकट की आशंका जताई गई।

जूनी इंदौर में रात की घटना, छत पर पड़ा था वेस्ट मटेरियल, कोई जनहानि नहीं

रावण दहन की चिंगारी से बिल्डिंग की छत पर आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



जूनी इंदौर इलाके में मंगलवार रात रावण दहन के दौरान उड़ी पटाखे की चिंगारी से एक बंद पड़ी बिल्डिंग की छत पर आग लग गई।

रात करीब सवा 9 बजे हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मोती तबेला फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जूनी इंदौर टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर में सुयोग अस्पताल के सामने स्थित एक बंद बिल्डिंग की छत पर वेस्ट मटेरियल पड़ा था। इसी दौरान वहां अचानक आग लग गई। छत पर रखे सामान के कारण आग तेजी से फैल गई। सूचना के बाद दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। रहवासियों के मुताबिक, पास की बिल्डिंग के नजदीक कुछ बच्चे रावण दहन कर रहे थे। इसी दौरान पटाखे की चिंगारी उड़कर बंद बिल्डिंग की छत पर पहुंच गई, जिससे वहां रखे वेस्ट मटेरियल में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान एहतियात के तौर पर कुछ देर के लिए इलाके की बिजली भी बंद की गई थी। पुलिस के मुताबिक, आग पर काबू पा लिया गया है और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

रास्ता देने के विवाद में रिटायर्ड फौजी ने किए फायर, युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमआईजी इलाके में रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में रिटायर्ड फौजी ने लाइसेंसी पिस्टल से दो से तीन राउंड फायर कर दिए। इसमें रक्षित नाम के युवक के पेट में गोली लगी है, जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी नीरज रहाणे का पिस्टल लेकर लोगों को डराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने आरोपी और उसके बेटे को हिरासत में लेकर हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी 12 साल पहले हवलदार से रिटायर्ड हुआ है। अभी बैंक में गार्ड है। बेटा केशव पुणे में आईटी कंपनी में है। दशहरे कि छुट्टी में आया है। घटना सोमवार देर रात कृष्णबाग इलाके की है। पुलिस के मुताबिक रिटायर्ड फौजी नीरज का बेटा केशव वहां से निकल रहा था। इस दौरान कुछ लड़कियां और महिलाएं कुर्सियां लगाकर बैठी थीं। रास्ता देने की बात पर केशव का उनसे विवाद हो गया। इसके बाद वह वहां से चला गया और घर पहुंचकर पिता नीरज को विवाद के बारे में बताया। बेटे से विवाद की जानकारी मिलने के बाद नीरज लाइसेंसी पिस्टल लेकर मौके पर पहुंचा। आरोप है कि उसने वहां मौजूद लोगों को अपशब्द कहते हुए विवाद किया और दो से तीन राउंड फायर कर दिए। इस दौरान रक्षित के पेट में गोली लग गई। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। फायरिंग की सूचना मिलने पर एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नीरज और उसके बेटे केशव को हिरासत में लिया है।

---

46 अचल संपत्ति, जमीनों के सौदों में स्टाम्प ड्यूटी की गड़बड़ी और करीबियों की भूमिका भी संदेह में

हेड कांस्टेबल फिरोज खान...संपत्तियों की जांच की भोपाल से मॉनीटरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कांस्टेबल चालक फिरोज खान की करीब 64 करोड़ रुपए की संपत्तियों के मामले में जांच का दायरा बढ़ गया है। अब लोकायुक्त मुख्यालय भोपाल से मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

जांच एजेंसी फिरोज खान से जुड़ी अन्य संभावित संपत्तियों के साथ पत्नी, परिचितों और कुछ अधिकारियों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। जमीनों की खरीद-फरोख्त में कथित गड़बड़ियों और स्टाम्प ड्यूटी में अनियमितता के पहलुओं पर भी जांच केंद्रित है।

जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कुछ जमीनों के सौदों में शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचने की आशंका है। एजेंसी यह पता लगा रही है कि रजिस्ट्री में दर्ज कीमत, संपत्ति की वास्तविक कीमत और जमा की गई स्टाम्प ड्यूटी में कोई अंतर तो नहीं था।

स्कीम 94 की संपत्ति और महिला की जमीन भी जांच के दायरे में- जांच में स्कीम 94 की एक संपत्ति के लेन-देन पर भी फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा मगरखेड़ा निवासी कस्तूरी बाई की जमीन से जुड़ा मामला भी सामने आया है। कस्तूरी बाई की मृत्यु हो चुकी है। अब इस जमीन के लेन-देन और उससे संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। हालांकि, इस मामले में किसी गड़बड़ी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

46 अचल संपत्तियों की जानकारी, अन्य संपत्तियां भी तलाशी जा रहीं- लोकायुक्त की जांच में अब तक फिरोज खान और उनसे जुड़े लोगों के नाम पर 46 अचल संपत्तियों की जानकारी सामने आने की बात कही गई है। एजेंसी संपत्तियों के वास्तविक स्वामित्व, खरीद के लिए धन के स्रोत और कथित आय से उनके संबंध की जांच कर रही है। जांच का दायरा फिरोज खान तक सीमित नहीं है। उनके करीबी अधिकारियों और अन्य लोगों से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जानकारी भी जुटाई जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आ रहे दावों और लेन-देन से जुड़े नए सुरागों की भी पड़ताल की जा रही है। एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं कोई अन्य संपत्ति या वित्तीय लेन-देन जांच से बाहर तो नहीं है। फिलहाल संपत्तियों की खरीद, स्टाम्प ड्यूटी में कथित अनियमितता और संबंधित लोगों की भूमिका की जांच जारी है। इन पहलुओं पर आधिकारिक पुष्टि और जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

रजिस्ट्रियों में गवाह की भूमिका पर भी सवाल

फिरोज खान की पत्नी हिना खान, महिला मित्र और अन्य परिचितों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। कुछ नए नाम सामने आने की जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार, कुछ जमीनों की रजिस्ट्रियों में फिरोज खान गवाह के रूप में दर्ज हैं। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि इन सौदों में उनकी क्या भूमिका थी और वे जमीन बेचने वाले पक्ष की ओर से गवाह बने थे या खरीदने वाले पक्ष की ओर से। जानकारी के मुताबिक, कुछ जमीनें पत्नी से जुड़ी फर्म के नाम पर खरीदी गई थीं। एजेंसी इन संपत्तियों की खरीद में इस्तेमाल हुए धन के स्रोत और संबंधित लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

खबर एक नजर...

धार में पिछले साल से आधी बारिश, गेहूं-चने की फसल पर संकट

धार। धार जिले में कम बारिश का असर अब खेतों में दिखने लगा है। भूजल स्तर गिरने से कई जगह बोरिंग में पानी कम हो गया है। कहीं रुक-रुककर पानी मिल रहा है तो कहीं बोरिंग बंद होने की कगार पर हैं। ऐसे में गेहूं और चने की रबी फसलों की सिंचाई को लेकर किसान चिंतित हैं। जिले में इस साल करीब 25.84 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 51 इंच से अधिक था। बारिश में आई कमी से भूजल स्तर पर असर पड़ रहा है। खेतों में बोरिंग से पानी कम मिलने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी जुटाने में परेशानी हो रही है। जल संकट को देखते हुए कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में पिछले दिनों बैठक हुई थी। इसमें धार शहर में 20 बोरिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए थे। हालांकि, अब तक इनका काम पूरा नहीं हुआ है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरने से खेतों की बोरिंग से पानी की उपलब्धता लगातार कम हो रही है।

'बेटियों का सम्मान करें नशा रूपी रावण को मारें'

रायसेन। रायसेन के दशहरा मैदान में मंगलवार रात 11:25 बजे 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। श्री हिंदू उत्सव समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। रावण दहन के साथ रंगीन आतिशबाजी हुई, जिससे आसमान जगमगा उठा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भगवान श्रीराम अच्छाई और मर्यादा के प्रतीक हैं। वहीं, मनुष्य के भीतर मौजूद क्रोध, अहंकार और बुराइयां ही असली रावण हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केवल रावण का पुतला जलाने से बदलाव नहीं आएगा। हर व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों को खत्म करना होगा। बेटियों का सम्मान करना, नशे से दूर रहना और दूसरों के साथ प्रेम व सम्मान से पेश आना ही भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित रायसेन बनाने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही नशे रूपी रावण का भी अंत करने का आह्वान किया।

सतना में बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कार तोड़ी

सतना। सतना के महादेवा इलाके में दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने एक घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की। इस दौरान गाली-गलौज कर दहशत फैलाने का भी आरोप है। घटना का उळळश फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। घटना महादेवा निवासी राजीव पांडेय के घर के बाहर की है। बदमाशों ने अचानक पहुंचकर कार में तोड़फोड़ की। उनकी हरकतें घर के बाहर लगे उळळश कैमरे में कैद हो गईं। पीड़ित अनुज पांडेय की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने बंटा यादव, रामू, शैलेंद्र पांडेय और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीएसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मालगाड़ी की चपेट में आए युवक-युवती की मौत

सतना। जिले के चंदिया रेलवे स्टेशन पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक और युवती की मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद चंदिया पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सूचना दी गई। घटना देर रात होने के कारण दोनों मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, घटना से पहले युवक और युवती के बीच स्टेशन पर किसी बात को लेकर विवाद होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों रेलवे लाइन के पास पहुंचे और मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हालांकि, विवाद और हादसे के बीच की परिस्थितियों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस मृतकों की पहचान करने और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।पुलिस यह जांच कर रही है कि युवक और युवती के बीच विवाद किस बात को लेकर हुआ था और वे किन परिस्थितियों में मालगाड़ी की चपेट में आए।

नर्मदापुरम में चल समारोह से पहले चाकूबाजी

नर्मदापुरम के रसूलिया क्षेत्र में हरदा बायपास स्थित सियाराम कॉलोनी में मंगलवार रात करीब 10 बजे चाकूबाजी हो गई। प्रतिमा विसर्जन का चल समारोह निकलने से पहले हुए विवाद में ऑटो चालक अमित उर्फ बंटी सांवले घायल हो गया। आरोप है कि कॉलोनी निवासी मनीष भदौरिया ने अपने साथी के साथ मिलकर उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले गई। इस दौरान आरोपी को नहीं पकड़े जाने पर लोग नाराज हो गए। भीड़ ने चाकू मारने के आरोपी को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया। लोगों ने पुलिस पर दूसरे आरोपी को भगाने का आरोप भी लगाया। देहात थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि रोहना निवासी ऑटो चालक अमित सांवले दशहरा उत्सव के दौरान सियाराम कॉलोनी आए थे।

भेड़ाघाट में 4 महीने बाद फिर शुरू हुई रौनकः

नर्मदा का जलस्तर घटते ही बोटिंग शुरू, सजीं दुकानें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में मानसून के बाद एक बार फिर पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। नर्मदा नदी का जलस्तर कम होने के बाद 12 अक्टूबर से पंचवटी में नौकायन शुरू कर दिया गया है। पर्यटक संगमरमर की ऊंची चट्टानों के बीच नावों से घूमकर प्राकृतिक नजारों का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, पर्यटन गतिविधियां शुरू होने के साथ यहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बारिश के दौरान नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ने और पानी की तेज धारा के कारण धुआंधार जलप्रपात और आसपास का क्षेत्र खतरनाक हो जाता है। इसी वजह से जिला प्रशासन मानसून के दौरान करीब चार महीने तक इस पर्यटन स्थल पर पर्यटकों की आवाजाही रोक देता है। अक्टूबर में जलस्तर कम होने के बाद भेड़ाघाट प्रबंधन दोबारा पर्यटन गतिविधियां शुरू करने की तैयारी करता है। मानसून समाप्त होने और जलस्तर घटने के बाद करीब 10 दिन पहले यहां नौका विहार दोबारा शुरू किया गया।



फिलहाल भेड़ाघाट में करीब 30 नावें पर्यटकों को सैर करा रही हैं। इसके अलावा कुछ मोटरबोट भी संचालित की जा रही हैं। घाट पर दुकानें भी सजने लगी हैं और पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। जबलपुर की पहचान धुआंधार जलप्रपात से है। यहां नर्मदा नदी का पानी तेज गति से चट्टानों के बीच से नीचे गिरता है। पानी की छोटी-छोटी बूंदें हवा में उड़कर धुंध जैसा वातावरण बनाती हैं। इसी वजह से इस जलप्रपात का नाम धुआंधार पड़ा है। जलप्रपात से उठती धुंध और पानी की गर्जना प्रकृति के अनोखे रूप का एहसास कराती है। मानसून के बाद यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए यह नजारा प्रमुख आकर्षण बना हुआ है।

रोपवे और ग्लास ब्रिज भी पर्यटकों को करते हैं आकर्षित

भेड़ाघाट में पर्यटन को आकर्षक बनाने के लिए रोपवे की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके जरिए पर्यटक नर्मदा नदी के दूसरे किनारे और आसपास के प्राकृतिक नजारों को अलग नजरिए से देख सकते हैं। यहां बना ग्लास ब्रिज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। कांच के फर्श पर खड़े होकर नीचे बहती नर्मदा नदी को देखना रोमांचक अनुभव देता है।

सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की जरूरत

भेड़ाघाट में पर्यटक सेल्फी लेने के लिए कई बार अपनी जान जोखिम में डालते हैं। यह बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, लेकिन यहां संभावित खतरों की जानकारी देने और संकट के समय तत्काल मदद उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त इंतजाम होना जरूरी है। पर्यटन गतिविधियां दोबारा शुरू होने के साथ पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सुरक्षा संकेतक लगाने, जोखिम वाले स्थानों पर निगरानी रखने और आपातकालीन सहायता व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है, ताकि पर्यटकों को सुरक्षित पर्यटन अनुभव मिल सके।

शहनाज अख्तर ने भजनों से बांधा समां, घंसौर में देवी जागरण में झूमे श्रद्धालु,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिवनी

शारदीय नवरात्र के अवसर पर जिलेभर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। मंदिरों में पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लीन नजर आए। इसी क्रम में घंसौर में मंगलवार रात भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। आयोजन में घंसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

देवी जागरण के दौरान शहनाज अख्तर ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते हुए देवी गीतों की प्रस्तुतियां दीं। गीतों की धुन और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते रहे। कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक भक्ति और संगीत का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने देवी गीतों का आनंद लेते हुए मां के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवरात्र के दिनों में देवी जागरण और भजन संध्या जैसे कार्यक्रम धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता का भी माध्यम बनते हैं। ऐसे आयोजनों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग परिवार और परिचितों के साथ शामिल होकर सामूहिक रूप से मां की आराधना करते हैं। इससे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह के साथ आपसी मेल-मिलाप और सांस्कृतिक परंपराओं को भी बढ़ावा मिलता है।

एमपी-राजस्थान बॉर्डर पर बाइक से ड्रग्स तस्करी

30 ग्राम स्मैक के लिए 30 हजार में डील; आरोपियों ने किया सप्लाई चेन का खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

मध्य प्रदेश और राजस्थान बॉर्डर पर बाइक से स्मैक (ड्रग्स) की तस्करी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा सागर पुलिस ने किया है। इस गिरोह का तरीका बेहद अलग था। सरगना खुद स्मैक का नशा करने वालों को ही पेडलर (सप्लायर) बनाकर इस्तेमाल कर रहे थे। नशे की लत में पड़े युवकों ने स्मैक खरीदने के लिए अपनी बाइक तक गिरवी रख दी थी। मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।

सागर की देवरी पुलिस को क्षेत्र में लगातार स्मैक सप्लाई की शिकायतें मिल रही थीं। 4 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने रहली रोड स्थित रजौला पेट्रोल पंप के पास दबिश देकर दिनेश साहू और छोटू उर्फ तिलक यादव को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 15-15 ग्राम (कुल 30 ग्राम) स्मैक बरामद हुई। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू की गई। थाना प्रभारी कपिल लाक्षाकार ने बताया कि दिनेश और छोटू खुद स्मैक के आदी हैं। वे अपने साथ-साथ देवरी के छीर निवासी राकेश लोधी के लिए भी स्मैक लाने राजस्थान गए थे।



बंटवारे के दौरान पुलिस की रेड

देवरी पहुंचने पर दिनेश ने छोटू को 15 ग्राम स्मैक का पैकेट दिया। दोनों जब बाकी स्मैक राकेश लोधी को देने जा रहे थे, तभी रजौला पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों धर दबोचा। आरोपी इस स्मैक को 1-1 ग्राम की छोटी पुड़िया बनाकर 150 से 200 रुपए में बेचते भी थे। आरोपियों से मिले सुराग के आधार पर देवरी पुलिस ने राजस्थान में दबिश देकर झालावाड़ से उमेश को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एडिशनल एसपी नरेंद्र सोलंकी का कहना है कि देवरी में स्मैक सप्लाई की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अब तक 3 आरोपियों दिनेश साहू, छोटू उर्फ तिलक यादव और उमेश को गिरफ्तार किया है।

राजस्थान के जंगल में 30 हजार रुपए में हुई डील

पूछताछ में सामने आया कि दिनेश 2 अक्टूबर को बस से झालावाड़ (राजस्थान) पहुंचा। वहां उसकी मुलाकात राजस्थान के सुरेश और उमेश से हुई। वे उसे बॉर्डर से बाइक पर बैठाकर झालावाड़ के घाटोली-दुर्जनपुर के सुनसान जंगलों में ले गए। जंगल में उमेश 30 हजार रुपए में 30 ग्राम स्मैक लेकर आया और दिनेश को सौंप दी। इसके बाद आरोपियों ने दिनेश को वापस बॉर्डर तक छोड़ा, जहां से वह बस पकड़कर सागर के देवरी पहुंचा।

नागदा में महिलाओं में विवाद, थाने में रात दो बजे किया हंगामा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागदा

नागदा में विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापत ने विक्रम अहिरवार को हड़काने का मामला सामने आया है। मामला मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब एक बजे का है। इसके बाद करीब एक घंटे तक थाने के बाहर हंगामा होता रहा। घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। वीडयो में वीएचपी नेता कह रहा है- आप अपने किसी जवान को बुलाइए, मैं भी उसे थप्पड़ मार देता हूं।

दरअसल, यह विवाद नागदा के किल्लीपुरा स्थित इंद्र कॉलोनी में दशहरे की बधाई देने के दौरान शुरू हुआ। हिंदू पक्ष का आरोप है कि मुस्लिम महिला ने आपत्तिजनक बातें कहीं। उनकी शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष की महिला के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया।

बजरंग दल के नगर संयोजक दिनेश परमार भी थाने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि रकयोगिता उपाध्याय ने उनके काम में दखल देने पर हाथ उठाने की कोशिश की। परमार ने रकके व्यवहार पर आपत्ति जताई और उनके तबादले की मांग की। दिनेश परमार के साथ हुए घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के अन्य पदाधिकारी भी थाने पहुंच गए। उन्होंने एसआई योगिता उपाध्याय के तबादले की मांग करते हुए धरना शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा शिकायत पर प्रकरण दर्ज किए जाने के बावजूद हिंदूवादी नेता एसआई पर कार्रवाई और उनके तबादले की मांग पर अड़े रहे। मामले को लेकर उरढ विक्रम अहिरवार और प्रदर्शनकारियों के बीच भी तीखी बहस हुई। उरढ ने कहा कि संबंधित मामले में आवेदन दिया जाए, जिसके बाद जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जांच के आश्वासन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापत ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उरढ से कहा कि वे अपने किसी जवान को बुला लें, वह भी उसे थप्पड़ मार देंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इसके बाद जवान से आवेदन लेकर जांच करना और फिर उनके खिलाफ कार्रवाई करना।

रमेश प्रजापत और जिला अध्यक्ष के बीच भी तीखी बहस

थाने में हंगामे के बीच विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापत और बजरंग दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सेन के बीच भी तीखी बहस हो गई। रमेश प्रजापत का कहना था कि थाने में अलग से बातचीत करने के बजाय सभी पदाधिकारियों को केवल कार्रवाई की मांग पर ध्यान देना चाहिए। इस घटनाक्रम ने थाने में चल रहे विवाद को और बढ़ा दिया।

रात 2 बजे तक चला हंगामा

करीब दो घंटे से अधिक समय तक चले हंगामे और धरने के बाद देर रात पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कराने तथा जांच के आधार पर एसआई के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के बीच सहमति बनी और मामला शांत हुआ। पूरा घटनाक्रम रात करीब 2 बजे तक चलता रहा।

एमपी में वायरल फीवर के रोजाना 3 हजार मरीज

इंस्टेंट रिलीफ' के लिए खुद ही खा रहे एंटीबायोटिक, पड़ रहा किडनी पर असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल2

एमपी में इन दिनों वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीज रोजाना अस्पतालों की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। भोपाल में ही जेपी, हमीदिया और जिला अस्पतालों के साथ निजी क्लिनिकों में सर्दी-जुकाम व वायरल फीवर के करीब 600 मरीज रोज पहुंच रहे हैं। इंदौर में 500, जबलपुर में 500, ग्वालियर में 200, उज्जैन में 150 मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं। इस तरह एमपी में अनुमानित 3 हजार मरीज रोजाना वायरल फीवर के आ रहे हैं। ऐसे में कई मरीज तुरंत राहत पाने के लिए डॉक्टर के पास जाने के बजाय खुद ही पेनकिलर और एंटीबायोटिक ले रहे हैं। यही लापरवाही कुछ मामलों में गंभीर परेशानी की वजह बन रही है। एमपी में बढ़ते वायरल फीवर ने चिंता और भी बढ़ा दी है। दर्द और बुखार में खुद से दवा लेने की यह आदत इसलिए भी चिंता बढ़ाती है, क्योंकि पेनकिलर की कुछ दवाएं किडनी पर असर डाल सकती हैं और एंटीबायोटिक का अनावश्यक इस्तेमाल भविष्य में बैक्टीरियल संक्रमण का इलाज मुश्किल बना सकता है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने भी दर्द निवारक दवाओं और एंटीबायोटिक्स के तर्कसंगत इस्तेमाल पर जोर दिया है। सवाल यह है कि जिस दवा से आज तुरंत राहत मिल रही है, कहीं उसका गलत इस्तेमाल आगे चलकर बड़ी परेशानी तो नहीं बन रहा? एमबीबीएस, एमडी और एफआईसीडी डॉ. समन ताहिर के मुताबिक, उनके पास आने वाले करीब 50% मरीज डॉक्टर से मिलने से पहले खुद दवाएं ले चुके होते हैं। उनका कहना है कि कई बार मरीज को लक्षणों से राहत मिल जाती है, लेकिन गलत दवा, अनुचित डोज या लंबे समय तक इस्तेमाल से नुकसान का जोखिम बढ़ सकता है। डॉ. ताहिर के अनुसार, उनके क्लिनिकल अनुभव में ऐसे मरीजों में करीब 60-70% को किसी न किसी तरह की दवा संबंधी क्षति या जटिलता के साथ देखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनके पास आने वाले मरीजों का अनुभव है, किसी बड़े सर्वे का आंकड़ा नहीं।

खटिया पर सो रहे युवक को सांप ने काटाःअस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना में कैलारस क्षेत्र के रीझोनी गांव में सांप के काटने से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक घर के बैठक वाले कमरे में खटिया पर सो रहा था। इसी दौरान रात में सांप ने उसे काट लिया। युवक ने परिजनों को जगाकर घटना की जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल कैलारस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक शैलेंद्र सिंह सिकरवार (36), पुत्र मचल सिंह, निवासी ग्राम रीझोनी, बीती रात घर के बैठक वाले कमरे में खटिया पर सो रहा था। परिजनों के मुताबिक, इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटने का पता चलते ही शैलेंद्र ने परिजनों को जगाया और घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए कैलारस अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कैलारस थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह कुशवाह के अनुसार, युवक की मौत सांप के काटने से हुई है। अब राजस्व विभाग के माध्यम से घटना का प्रकरण तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि नियमानुसार पात्रता के आधार पर पीड़ित परिवार को सहायता राशि मिल सके।

ग्वालियर हादसे में घायल को एम्स में नहीं मिला इलाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास 17 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में घायल संजय शर्मा के इलाज को लेकर सवाल उठे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर संजय को बेहतर उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस से भोपाल एम्स भेजा गया था। ग्वालियर में घायल के भाई विकास शर्मा से बात की गई तो उन्होंने वायरल वीडियो पर कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने संजय के दोनों पैर काटने के लिए कहा है। परिजनों की चिंता है कि संजय इंश्योरेंस एजेंट हैं और दोनों पैर कटने की स्थिति में उनके लिए आजीविका चलाना मुश्किल हो जाएगा। परिवार में पांच बहनों की शादी की जिम्मेदारी भी संजय पर है।मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में घायल के भाई होने का दावा कर रहे युवक ने आरोप लगाया कि दोपहर 3 बजे तक मरीज को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था और उसका इलाज नहीं हो रहा था। वीडियो में युवक यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि मुख्यमंत्री ने उन्हें यहां क्या फोटो खिंचवाने के लिए भेजा है।

भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर जुटे 50 से ज्यादा भारतीय, लगाए वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे

मतदाता सूची से नाम हटाए, शिकागो में प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

अमेरिका के शिकागो में मंगलवार को 50 से अधिक भारतीय प्रवासी भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर जुटे और भारत में मतदाता सूची से कथित तौर पर अवैध तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जय भीम, जय सावित्री, इंकलाब जिंदाबाद और वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटने से लोगों के बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

प्रदर्शन का आयोजन शिकागो में रहने वाले भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने स्वतंत्र रूप से किया। इसे इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स का समर्थन मिला। प्रदर्शन में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों, विद्यार्थियों, विभिन्न धर्मों के नेताओं और अन्य सहयोगियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का असर गरीबों, प्रवासी मजदूरों और अल्पसंख्यक समुदायों पर अधिक पड़ सकता है।



उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि गलत तरीके से हटाए गए मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े जाएं और मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी व जवाबदेह बनाया जाए।

भारतीय दूतावास के सामने प्रदर्शनकारियों ने जय भीम,जय सावित्री, इंकलाब जिंदाबाद और वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए।

भारतीय मूल के नागेश फार्मर ने कहा कि वोट लोकतंत्र की बुनियाद है। जब नागरिकों के नाम चुपचाप मतदाता सूची से हटा दिए जाते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि जनता की आवाज पर हमला है। उन्होंने मोदी सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रवासी भारतीय इस मुद्दे पर चुप नहीं रहेंगे। जबलपुर निवासी विशाल कुमार और संदीप कांबले, जो समाजवादी स्टूडेंट फेडरेशन के सदस्य हैं और शिकागो में पढ़ाई कर रहे हैं, ने कहा कि हिंदू धर्म उन्हें न्याय और हर व्यक्ति की गरिमा के लिए खड़े होने की सीख देता है। उनके मुताबिक, मुसलमानों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों पर मतदान के अधिकार से वंचित होने का असमान प्रभाव पड़ने की आशंका संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा गंभीर सवाल है।

परिवार को वोट देने के लिए अस्तित्व साबित न करना पड़े

शिकागो विश्वविद्यालय की स्नातक छात्रा सानविका ने कहा कि भारत में उनके परिवार को अपने ही देश में वोट डालने के लिए यह साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि उनका अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की चिंता हर उस व्यक्ति की चिंता है, चाहे वह दुनिया के किसी भी हिस्से में रहता हो। महाराष्ट्र के नागपुर निवासी डॉ. ओबेद मनवतकर, जो शिकागो में अंतरधार्मिक अध्ययन के प्रोफेसर हैं, ने कहा कि उनकी नानी ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में स्वतंत्रता के अधिकार के लिए ह्यइंकलाब जिंदाबादह्ल का नारा लगाया था। आज वे उसी अधिकार की रक्षा के लिए यह नारा लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यवस्था में सरकार तय करे कि किसे वोट देने का अधिकार मिलेगा, वह वास्तविक लोकतंत्र नहीं हो सकता। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भारत में लोकतंत्र की चिंता हर किसी की चिंता है, चाहे हम दुनिया के किसी भी हिस्से में रहते हों। शिकागो में पिछले 20 साल से रह रहे रविंद्र सिंह ने कहा कि उनका दिल आज भी भारत में बसता है और वे देश के लोकतंत्र को अंदर से कमजोर होते हुए चुपचाप नहीं देख सकते।

कूनो नेशनल पार्कःस्वस्थ चीतों को मिलेगा प्राकृतिक माहौल, कुनबे के विस्तार पर ध्यान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्योपुर

कूनो में अब हर चीते की 24 घंटे निगरानी करने के बजाय पूरे कुनबे की सेहत, प्रजनन, शावकों के जीवित रहने और जंगल में आबादी के विस्तार पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। प्रोजेक्ट चीता के पांचवें साल में प्रवेश के साथ प्रबंधन की प्राथमिकताओं में यह बदलाव सामने आया है। कूनो प्रबंधन ने व्यक्तिगत चीतों के प्रबंधन से पूरी चीता आबादी के प्रबंधन की ओर बढ़ने की रणनीति बनाई है। इसका मतलब यह नहीं है कि चीतों की निगरानी या इलाज बंद कर दिया जाएगा। बीमार और घायल चीतों, नए छोड़े गए चीतों तथा प्रजनन और शावकों की शुरूआती परवरिश के दौरान विशेष देखभाल की जरूरत वाले चीतों पर व्यक्तिगत निगरानी जारी रहेगी। स्थापित चीतों को अनावश्यक मानवीय दखल से बचाते हुए उनके प्राकृतिक व्यवहार को विकसित होने का अवसर दिया जाएगा।

प्रियंका चौपड़ा को अब 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान



प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में गुरुवार को आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में उन्हें 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया। हॉलीवुड स्टार मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को सम्मानित किया। भारतीय सिनेमा से करियर की शुरूआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निमार्ता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चचाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है। प्रियंका अपने लुक को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने बनारसी कपड़े से बना गुलाबी रंग का डीप नेक लाइन वाला टॉप और फिटेड पेंसिल स्कर्ट पहनी थी, जिस पर सुनहरी कढ़ाई की गई थी। सबसे खास बात इसमें इस्तेमाल किया गया बनारसी कपड़ा था। इस आउटफिट में अंतरराष्ट्रीय फैशन और भारतीय कपड़े का मेल देखने को मिला।

कानूनी सुरक्षा की मांग करते कृति पहुंचीं कोर्ट

कृति सैनन ने अपने व्यक्तित्व अधिकारों के लिए कानूनी सुरक्षा की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने उनकी याचिका पर 29 अक्तूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कोर्ट ने कृति के वकील प्रवीण आनंद से कहा कि व्यक्तित्व के संरक्षण और बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित विवादों पर उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार पर न्यायालयों के पूर्व में किए गए फैसले कोर्ट में दाखिल करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि इन दिनों व्यक्तित्व के संरक्षण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्राधिकार पर विचार करना जरूरी है। कृति की तरफ से पेश याचिका में उनके व्यक्तित्व से जुड़े कन्टेंट के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में उनकी फोटो, आवाज और उनसे मिलते-जुलते कन्टेंट बिना अनुमति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड करने का आरोप लगाया है। बता दें कि कृति से पहले कई नामचीन हस्तियों के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा का आदेश कोर्ट दे चुका है।




व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए याचिका दायर

जाह्नवी-श्रीलीला की जोड़ी जमी




जाह्नवी कपूर ने हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ में भी अपनी एक्टिंग और अंदाज से लोगों का खूब दिल जीता है। बीते दिनों वह साउथ के सितारे राम चरण के साथ 'पेड्डी' में दिखी थीं। अब वह साउथ की ही पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। जाह्नवी के हाथ एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म लगी है। इसमें श्रीलीला के अलावा सिद्धार्थ गुप्ता भी लीड रोल निभाते नजर आएंगे। यह एक लव ट्राएंगल फिल्म होगी, जिसमें दो महिलाएं एक ही लड़के के लिए दीवानी नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग नैनीताल में शुरू हो चुकी है। निर्देशन उमेश बिष्ट कर रहे हैं। इसे एकता कपूर और गुनीत माँगा कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। अभी फिल्म का टाइटल तय नहीं हुआ है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



गोल्डन टेंपल में फूट-फूटकर रोईं एक्ट्रेस सारा अली खानः बोलीं- मां की याद आ रही



बॉलीवुड एक्ट्रेस और सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ मंगलवार को गोल्डन टेंपल पहुंचीं। इस दौरान माथा टेकते वह फूट-फूटकर रोने लगीं। वह अपनी मां अमृता सिंह को भी याद कर रही थीं।

एक्ट्रेस के साथ मौजूद गाइड सरबजीत सिंह ने बताया कि सारा ने गोल्डन टेंपल के अंदर अपनी इच्छा जाहिर की थी कि क्या वह वीडियो कॉल के जरिए अपनी मां को यहां के दर्शन करवा सकती हैं। हालांकि, जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश है, उस स्थान पर मोबाइल से वीडियो कॉल करने या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं होने के कारण उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। सरबजीत सिंह के मुताबिक, जब तक सारा गोल्डन टेंपल में रहीं, वह भावुक ही दिखाई दीं। इसका वीडियो भी सामने आया। गोल्डन टेंपल से बाहर आकर उन्होंने कहा कि मम्मी की बहुत याद आ रही है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। दोनों कलाकार अपनी आने वाली फिल्म ह्यउड़ता तीरह्ल की रिलीज होने से पहले गुरु घर में माथा टेकने पहुंचे थे। यहां उन्होंने गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया और गुरबाणी भी सुनी।

रंग भरकर चित्र बनाओ



जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

दीपिका-रणवीर ने दूसरी बेटी का नाम रखा देवी

बॉलीवुड कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने दशहरे के मौके पर अपनी दूसरी बेटी के नाम का ऐलान किया है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम ह्यदेवी पादुकोण सिंहह्ल रखा है। पोस्ट के साथ कपल ने अपने परिवार की एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें रणवीर, दीपिका और उनकी दोनों बेटियां नजर आ रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए कपल ने लिखा प्यार और खुशियों से भरी... देवी पादुकोण सिंह। दीपिका और रणवीर की दूसरी बेटी का जन्म इसी साल 19 सितंबर को हुआ था। कपल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में न्यूबॉर्न बेबी गर्ल के फुट प्रिंट शेयर किए थे।

अप्रैल में की थी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट

कपल ने 19 अप्रैल को दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई थी, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है।

तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं। हालांकि, उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा था। बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, ह्यवेलकम बेबी गर्ल। 8 सितंबर 2024। दीपिका और रणवीर। इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दोनों की लव स्टोरी 2013 में फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के सेट से शुरू हुई थी। कई सालों तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की थी।

माथा पच्ची

5		11		55		35	=	35
	■		■		■		■	
25		22		50		30	=	23
	■		■		■		■	
50		10		2		5	=	35
	■		■		■		■	
40		10		4		4	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
35		33		14		21	=	37

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

अ	ह्व	रि	ख्य	ज	द	रि	सि	या	र	क				
दा	धि	ल	मा	य	जी	ब	द्री	ना	थ	ली				
गि	रा	ते	श्व्या	वा	छ	पी	ता	रा	क	क				
उ	ज्जै	न	दो	पु	ज	न	ह	न	त	क				
क	खु	मा	ता	वै	ष्णो	दे	वी	ग	व	क				
जी	द	रा	ष	य	ख	पू	शि	हि	र	ह				
ती	लो	म	मे	या	ष	र	र	र	र	रि				
क	र्ज	त्जा	इ	ख्व	व	क	डी	लो	त	द्वा				
ने	वा	म	ब्ब	व	र	त्या	री	त	ष	र				
ति	ठ	प	ति	य	जी	म	यु	रा	ह्य	त				
क	दु	ल्हे	रा	मी	ल	गा	य	ट	प	थ				

शब्दजाल में 10 तीर्थ स्थलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार, बद्रीनाथ, मथुरा, रामेश्वरम, माता वैष्णोदेवी, शिरडी, उज्जैन, तिरुपति, द्वारिका, कामाख्या

अष्टयोग

	6	5	4	3		1
2	39		29		26	
		7	1	2		4
4	30		25		34	
	2	3		5	6	
6	30		39		35	3
	5		6	7		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

50	+	30	-	50	-	20	=	10
-	■	+	■	-	■	x	■	+
20	•	4	+	45	-	20	=	30
+	■	-	■	+	■	•	■	-
40	-	20	x	2	•	2	=	20
-	■	x	■	+	■	•	■	+
30	x	1	-	20	+	10	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
40	-	14	+	27	-	20	=	37


अष्टयोग का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	35	1	26	6	28	6
7	6	5	4	3	2	1
4	32	4	32	4	32	4
1	2	3	4	5	6	7
6	35	7	35	7	38	2
3	7	6	1	2	4	5

शब्दजाल का हल



वर्ग पहेली



बाएं से दाएं

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

ऊपर से नीचे

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरब, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

सूडोकू नवताल- 5182

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल 5182 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2




ईरान बोला-एक ग्राम एनरिच्ड-यूरेनियम भी देश से बाहर नहीं जाएगा

जब तक अमेरिका भरोसा पैदा नहीं करता, कोई बातचीत नहीं होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह अपना एक ग्राम भी एनरिच्ड यूरेनियम किसी दूसरे देश नहीं भेजेगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सेक्रेटरी मोहसिन रजाई ने कहा कि जब तक अमेरिका भरोसा जीतने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता और ईरान की सभी शर्तें नहीं मानता, तब तक बातचीत नहीं होगी। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका तब तक ईरान का भरोसा नहीं जीत सकता, जब तक वह उसकी सात शर्तें पूरी नहीं करता। ये शर्तें पिछले महीने होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के लिए रखी गई थीं।

ईरान की प्रमुख मांगों में उसके बंदरगाहों पर लगी अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करना, तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंध हटाना और क्षेत्र के सभी मोर्चों पर लड़ाई रोकना शामिल है। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई भी कह चुके हैं कि हथियार बनाने के लिए जरूरी स्तर के करीब



पहुंच चुके एनरिच्ड यूरेनियम को देश से बाहर नहीं भेजा जाना चाहिए।

परमाणु कार्यक्रम पर दोनों देशों में विवाद

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका के साथ समझौते की राह में बड़ी रुकावट बना हुआ है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इसी महीने की शुरूआत में कहा था कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन की अपनी क्षमता में ठोस कमी करनी होगी। उनके मुताबिक, ऐसा करना अमेरिकी मांगें मानने और दोनों देशों के बीच आठ महीने से चल रही जंग खत्म करने के लिए जरूरी है। एनरिच्ड यूरेनियम वह यूरेनियम होता है, जिसमें एक खास तरह के परमाणु की मात्रा बढ़ाई जाती है। इसका इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा बनाने के साथ परमाणु हथियारों में भी हो सकता है।

ईरान पर परमाणु हथियार बनाने का आरोप

अमेरिका, इजराइल और कई पश्चिमी देश लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाते रहे हैं। इन देशों की चिंता की एक बड़ी वजह ईरान का यूरेनियम को 60% तक संवर्धित करना है। आम तौर पर नागरिक परमाणु ऊर्जा के लिए इतने ऊंचे स्तर की जरूरत नहीं होती, जबकि परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम का संवर्धन स्तर करीब 90% होता है। हालांकि, ईरान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। उसका कहना है कि वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा है।

ट्रम्प बोले- ईरान परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 15 अक्टूबर को न्यूजमैक्स को दिए इंटरव्यू में दोबारा कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। रॉयटर्स मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार न हों, क्योंकि अगर उसके पास ऐसे हथियार हुए तो वह उनका इस्तेमाल करेगा। ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े पहाड़ के नीचे बने ठिकाने को निशाना बनाने की संभावना भी जताई।

हिंसक प्रदर्शन पर 21 लाख जुमार्ना, 5 साल तक जेल; लूटपाट-आगजनी के बाद नए नियम लागू

इटली- नाबालिग ने तोड़फोड़ की तो माता-पिता भरपाई करेंगे

मिलान में 500 अतिरिक्त सैनिक तैनात होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटली

इटली में हिंसक प्रदर्शन करने वालों को अब 5 साल तक जेल और करीब 21 लाख रुपए तक जुमार्ना देना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने मंगलवार को मिलान में दुकानों में लूटपाट और आगजनी के बाद सुरक्षा के नए नियमों को मंजूरी दी है। नए नियमों के तहत नाबालिगों के किए नुकसान की भरपाई उनके माता-पिता को करनी होगी। साथ ही, 14 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों पर केस चलाना आसान होगा।

सरकार ने मिलान में सुरक्षा बढ़ाने के लिए साल के आखिर तक 500 अतिरिक्त सैनिक तैनात करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि हिंसा में इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का शामिल होना दुखद और डराने वाला है।

उन्होंने कहा, 17 अक्टूबर को हुए प्रदर्शन में कई युवा चीजें तोड़ने, चोरी करने और ऐसा करते हुए अपना वीडियो बनाने आए थे। मेलोनी के मुताबिक, इस समस्या से गंभीरता से निपटना जरूरी है, ताकि हिंसा के वीडियो देखकर दूसरे युवा भी ऐसा करने के लिए प्रेरित न हों।



चेहरा ढकने या किसी को चोट पहुंचाने पर बढ़ेगी सजा

नए नियमों के तहत प्रदर्शन के दौरान हिंसा में शामिल होने को अलग अपराध बनाया गया है। अगर कोई आरोपी चेहरा ढककर हिंसा करता है या किसी को चोट पहुंचती है, तो उसकी सजा बढ़ाई जाएगी।

प्रदर्शन के दौरान दुकानों या दूसरी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को उसकी भरपाई करनी होगी। सरकार के इस आदेश को स्थायी कानून बनाने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी है। संसद को 60 दिनों के भीतर इसे कानून में बदलना होगा। नए नियमों में 14 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को सामान्य तौर पर अपने काम के नतीजों को समझने में सक्षम माना जाएगा। अगर कोई यह साबित करना चाहता है कि बच्चा अपने काम को समझने में सक्षम नहीं था, तो उसे इसके सबूत देने होंगे।

अब तक यह फैसला जज करते थे कि कोई नाबालिग अपने काम के सही-गलत होने और उसके नतीजों को समझ सकता है या नहीं। नए नियमों से इस प्रक्रिया में बदलाव होगा। मेलोनी ने कहा कि सरकार हिरासत केंद्रों में और जगह बनाएगी। किशोर न्याय व्यवस्था में जजों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी, ताकि नाबालिगों से जुड़े मामलों को संभालने में मदद मिल सके। मिलान में महंगाई और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान आगजनी की कई घटनाएं सामने आई थीं। इटली में लोग कम सैलरी, महंगा रहन-सनह और खराब सरकारी सुविधाओं के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ रहे हैं, लेकिन कमाई उस हिसाब से नहीं बढ़ रही।

हिंसा में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल

मिलान के मुख्य खरीदारी इलाके में 17 अक्टूबर को हिंसा भड़क गई थी। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। उन्होंने पुलिस से झड़प की, दुकानों में लूटपाट की और संपत्ति में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए पानी की बौछारें कीं और आंसू गैस छोड़ी। 18 अक्टूबर को भी लूटपाट और हिंसा जारी रही। अधिकारियों के मुताबिक, दो दिनों में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए। मिलान पुलिस ने बताया कि 17 अक्टूबर की रात करीब 2000 युवा हिंसा में शामिल हुए थे। इनमें विदेशी माता-पिता के यहां पैदा हुए और बाद में इटली की नागरिकता पाने वाले लोग, साथ ही दूसरे देशों के नागरिक भी बड़ी संख्या में थे। अब तक करीब 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 30 से ज्यादा नाबालिग हैं।

अमेरिका ने भारत को रिफाइनिंग सुपरपावर बताया

विदेश मंत्री बोले- वेनेजुएला का कच्चा तेल साफ होगा; दुनिया की तेल आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत को ह्यरिफाइनिंग सुपरपावरह्न बताया। उन्होंने कहा कि भारत के पास भारी कच्चे तेल को रिफाइन करके पेट्रोल, डीजल और दूसरे ईंधन बनाने की क्षमता है। न्यूज एजेंसी अठक से बात करते हुए मार्को रुबियो ने कहा, मेरा मानना है कि जैसे-जैसे वेनेजुएला का ज्यादा तेल बाजार में आएगा, भारत उसे रिफाइन कर सकता है। इससे दुनिया में तेल आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। रुबियो ने वेनेजुएला में भारतीय कंपनियों की मौजूदा तेल परियोजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां वहां पहले से मौजूद तेल संपत्तियों से उत्पादन बढ़ा सकती हैं।

रुबियो के मुताबिक, इस मुद्दे पर भारत के साथ पहले भी बातचीत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में काम करने के लिए तैयार और इच्छुक नजर आ रहा है।

हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना को आगे बढ़ाने में अमेरिकी प्रतिबंधों और अन्य पाबंदियों से जुड़े मुद्दे



सामने आ सकते हैं। इन पर अमेरिका और भारत को मिलकर काम करना होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मंगलवार को गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचे। उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर हैं। रुबियो बोले- दोनों देश 21वीं सदी की दिशा तय कर सकते हैंमुंबई में फ्रीडम 250कार्यक्रम में अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच उन अहम मुद्दों पर असाधारण तालमेल है, जो दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों को तय करते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया की दो बड़ी शक्तियां मिलकर 21वीं सदी की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

रुबियो ने कहा,दुनिया के कोई भी दो देश हर मुद्दे पर पूरी तरह सहमत नहीं हो सकते। कुछ मामलों में मतभेद होंगे। लेकिन उन अहम मुद्दों पर, जो भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय हितों को तय करते हैं, दोनों देशों के बीच असाधारण तालमेल है। जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और क्षेत्रीय हालात पर बातचीत हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध पिछले कई दशकों में काफी आगे बढ़े हैं।

2024 में छात्र आंदोलन के बाद भारत आई थीं

शेख हसीना बोलीं- सरकार गिरफ्तार या टॉर्चर कर सकती है, दिसंबर में बांग्लादेश लौटूंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा है कि वह दिसंबर में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश की मौजूदा तारिक रहमान सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है, मार सकती है या टॉर्चर कर सकती है, लेकिन कितना भी खतरा हो, मुझे इसकी परवाह नहीं है। मुझे अपने देश लौटना ही है। उन्होंने आगे कहा कि वह तारिक रहमान की सरकार से डरती नहीं हैं और अपने देश वापस लौटना उनकी जिम्मेदारी है।

हसीना अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में रह रही हैं। शेख हसीना की यह फुटेज हेलिकॉप्टर में बैठने से पहले की है। उन्होंने 5 अगस्त 2024 को देश छोड़ा था। इसके बाद से वह नजर नहीं आई हैं।

शेख हसीना की यह फुटेज हेलिकॉप्टर में बैठने से पहले की है। उन्होंने 5 अगस्त 2024 को देश छोड़ा था। इसके बाद से वह नजर नहीं आई हैं। शेख हसीना ने मुश्किल समय में उन्हें शरण देने के लिए भारत सरकार और लोगों का शुक्रिया किया। उन्होंने 1975 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी भारत ने उन्हें सहारा दिया था।

हसीना ने कहा, मैं भारत सरकार, यहां के



लोगों और सभी राजनीतिक दलों की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने मुझे वैसे ही अपनाया, जैसे 1975 में अपनाया था। दरअसल, 1975 में बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट के दौरान हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई थी। वह बांग्लादेश के संस्थापक थे। इस घटना में हसीना की मां, उनके तीन भाइयों और परिवार के कई दूसरे सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। उस समय हसीना और उनकी बहन अपनी जान बचाने और सुरक्षा के लिए भारत आई थीं। शेख हसीना ने बांग्लादेश की मौजूदा सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके और उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामले चलाकर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं पर लगे आरोपों का फैसला निष्पक्ष सुनवाई के जरिए होना चाहिए।

अमेरिका ने इनकार किया, अब ब्रिटेन सऊदी की मदद करेगा

टाइफून विमान भेजने का ऐलान, हूती विद्रोहियों के हमले से रक्षा करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन/रियाद

ब्रिटेन ने अपने टाइफून लड़ाकू विमान सऊदी अरब भेजने का ऐलान किया है। ये विमान हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों से सऊदी शहरों और तेल ठिकानों की रक्षा करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह भी साफ कहा कि वे यमन में हूती ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। बीते 2 महीने से हूती और सऊदी के बीच संघर्ष शुरू हो गया है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ सीधे अमेरिकी सैन्य हमले की मांग की थी, लेकिन ट्रम्प ने इससे इनकार कर दिया। अब ब्रिटेन सऊदी की मदद के लिए आगे आया है।

टाइफून केवल हमला करने वाला लड़ाकू विमान नहीं है। यह दुश्मन के विमानों को रोकने, हवाई क्षेत्र की सुरक्षा करने और



जरूरत पड़ने पर जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसका रडार दूर से दूसरे विमानों का पता लगाने में मदद करता है। जरूरत पड़ने पर यह उनका पीछा कर सकता है और हवा में मिसाइल से उन्हें निशाना बना सकता है। इसे यूरोप के चार देशों- ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और स्पेन के सहयोग से विकसित किया गया था। इसका निर्माण किसी एक देश का अकेला प्रोजेक्ट नहीं है ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा कि सऊदी अरब पर हूतियों के लगातार हमले बेहद निंदनीय हैं। खास तौर पर रियाद के एयरपोर्ट को निशाना बनाया जाना दिखाता है कि हूती क्षेत्र में तनाव बढ़ाने के लिए किस हद तक जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, इसी वजह से मैंने आज ब्रिटेन की ओर से और सैन्य मदद को मंजूरी दी है। रॉयल एयर फोर्स के टाइफून विमान ड्रोन और मिसाइलों से सऊदी हवाई क्षेत्र की रक्षा के लिए उड़ान भरेंगे। स्ट्रीटिंग ने कहा कि हूतियों के हमलों से पश्चिम एशिया में स्थिरता को खतरा है। इससे ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक रास्ते भी प्रभावित हो सकते हैं। इसका असर ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। सऊदी अरब सरकार के अनुरोध पर ब्रिटेन सितंबर में भी सैन्य सहायता देने पर सहमत हुआ था। हालांकि तब उसने रॉयल एयर फोर्स का वॉयेजर विमान देने की घोषणा की थी। इस विमान का इस्तेमाल हवा में दूसरे विमानों में ईंधन भरने के लिए किया जाता है।

ट्रम्प बोले- पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा, हिंसक प्रदर्शन की वजह मैक्रों की इमिग्रेशन पॉलिसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा। उन्होंने फ्रांस में जारी हिंसा के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की इमिग्रेशन पॉलिसी को जिम्मेदार ठहराया। ट्रम्प लंबे समय से इमिग्रेशन पर सख्ती की वकालत करते रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने करीब 8 साल पहले मैक्रों को चेतावनी दी थी कि दूसरे देशों से आने वाले लोगों को बड़ी संख्या में फ्रांस में एंट्री देना गलती है। इसके बावजूद सरकार ने इसे रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक, फ्रांस में करीब 46% लोग ईसाई हैं। करीब 43% लोग किसी धर्म को नहीं मानते। मुस्लिम आबादी करीब 9% है। हिंदू, बौद्ध और दूसरे धर्मों को मानने वाले लोगों की संख्या करीब 1% है। हालांकि, फ्रांस में जनगणना के दौरान लोगों से उनके धर्म के बारे में नियमित रूप से जानकारी नहीं ली जाती। इसलिए अलग-अलग सर्वे में ये आंकड़े कुछ अलग हो सकते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया

इशाक डार के सामने राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर घेरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता। मंत्री ने कहा कि आतंकवाद से निपटने में दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। आतंकियों को पैसा देने, उनका समर्थन करने और उन्हें पनाह देने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार भी बैठक में मौजूद थे। राजनाथ ने कहा कि आतंकवाद से निर्दोष लोगों की जान जाती है। इससे निवेश और कारोबार प्रभावित होते हैं, समाज में कट्टरता बढ़ती है। उन्होंने सदस्य देशों से आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करने की अपील की। राजनाथ ने अपने भाषण में पाकिस्तान या इशाक डार का नाम लेकर सीधे कोई आरोप नहीं लगाया। उन्होंने बिना नाम लिए चीन पर



भी निशाना साधा और कहा कि कनेक्टिविटी के नाम पर किसी भी देश की संप्रभुता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने कहा कि देशों को जोड़ने वाली परियोजनाएं सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए बनाई जानी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित देशों से सलाह-मशविरा करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का पालन नहीं करने वाली परियोजनाएं लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकतीं।

भारत ऐसी परियोजनाओं का समर्थन करता है, जो देशों के बाजारों को जोड़ें, व्यापार बढ़ाएं और विकास के नए रास्ते खोलें। लेकिन इनके नाम पर किसी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। राजनाथ सिंह ने चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन संप्रभुता और कनेक्टिविटी पर उनकी बात भारत के इसी पुराने रुख से जुड़ती है। इसके पीछे सबसे अहम मामला चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का है। प्रोजेक्ट के जरिए चीन एशिया, यूरोप और अफ्रीका के देशों को सड़कों, रेलवे लाइनों, बंदरगाहों और समुद्री रास्तों के नेटवर्क से जोड़ रहा है। चीन ने 2013 में बेल्ट एंड रोड पहल शुरू की थी। इसका मकसद सड़क, रेल, बंदरगाह और दूसरी बुनियादी सुविधाओं के जरिए चीन को एशिया, यूरोप और अन्य क्षेत्रों के बाजारों से जोड़ना है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बेल्ट एंड रोड पहल की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। यह चीन के शिनजियांग क्षेत्र को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। इसका एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से गुजरता है। भारत जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उन इलाकों को अपना हिस्सा मानता है, जिन पर पाकिस्तान का कब्जा है। भारत का कहना है कि इन इलाकों में चीन की परियोजनाएं उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े सवाल उठाती हैं।

- चाबहार बंदरगाह पर: राजनाथ ने ईरान के चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इनसे मध्य एशिया को बड़े बाजारों से जोड़ने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

- SCO की भूमिका पर: राजनाथ ने कहा कि संगठन में सिर्फ नई संस्थाएं बनाने से उपलब्धियां नहीं बढ़ेंगी। नई व्यवस्थाएं ऐसी होनी चाहिए, जो सदस्य देशों की जरूरतें पूरी करें, पहले से चल रहे काम को न दोहराएं और लोगों को सीधा फायदा पहुंचाएं। भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार में रुकावटें, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा की चिंताएं और तकनीक के क्षेत्र में बढ़ता अंतर वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बड़ी चुनौतियां हैं

■ वर्ष-12 अंक-347 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।

भावार्थ : जो व्यक्ति अनेक शंकाओं को दूर करता है, परोक्ष वस्तु को दिखाता है, और सभी नेत्रों के शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया है, वह आंख होते हुए भी अंधा है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 21 अक्टूबर, 2026

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।

भावार्थ : विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, (और) विद्या के समान कोई धन या सुख नहीं है।

सम्पादकीयम्

आईआईटी इत्यस्य अपि प्रश्नाः अवश्यं पृष्टव्याः

आईआईटी बम्बई इत्यत्र घटितस्य घटनायाः कारणात् संस्थानां आन्तरिकतन्त्रं, शिकायतनिवारणं, शैक्षणिकअनुशासनं च इति विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। संस्थागतस्वायत्ततायाः पार्श्वे उत्तरदायित्वस्य विषये, तथैव छात्राणां मानसिकशैक्षणिकदबावस्य सम्बोधनस्य आवश्यकतायाः, पर्याप्तपरामर्शस्य आवश्यकतायाः च उपरि बलं दातव्यम्। आईआईटी बम्बई इत्यत्र प्रकटितानां विशिष्टघटनानां परं बृहत्तरः प्रश्नः उत्पद्यते यत् एतादृशायाः प्रतिष्ठितसंस्थायाः अन्तः नियमानाम्, शिकायतां च कृते स्थापितानां आन्तरिकव्यवस्थानां किं जातम्? अस्मिन् संस्थायाः शैक्षणिकअनुशासनसमितिः, अनुसूचितजाति/जनजातिप्रकोष्ठः, शिकायतनिवारणतन्त्रं, सिनेट् च अस्ति। तथापि एषः विषयः द्रुतगत्या वर्धितः- पुलिसः, विरोधान्दोलनानि, सामाजिकमाध्यमानि च सम्मिलिताः- अस्माकं संस्थानां स्थितिविषये गम्भीरतापूर्वकं चिन्तनस्य आवश्यकतां प्रकाशयन्। विश्वासद्वारा बलम्। दशकेषु भारतेन केवलं मुष्टिभ्यां उच्चशिक्षासंस्थाः स्थापिताः ये वैश्विकमान्यतां प्राप्नुवन्ति। तेषां यथार्थं बलं तेषां आधारभूतसंरचनायाः वा बजटस्य वा न, अपितु तेषां संस्थागतरूपरेखासु स्वायत्ततायां च निहितं भवति। संस्था विश्वासस्य आधारे सुदृढा भवतिः यत्र शिक्षकाः नियमाः प्रवर्तयन्ति, छात्राः तान् स्वीकुर्वन्ति, प्रत्येकं विवादस्य निराकरणं च स्थापितेन प्रक्रियायाः माध्यमेन भवति। गहन प्रभाव। यदि कश्चन शिक्षकः व्यक्तिगतकानूनीकायाणां भयं करोति तर्हि भविष्ये नियमानाम् प्रवर्तने संकोचः भवेत्।

मन्त्रालयेन प्रभावितव्यक्तिभ्यः अन्येभ्यः सम्बन्धितपक्षेभ्यः

तदतिरिक्तं शिकायतां डाकद्वारा तस्मिन् एव पते वा ईमेलद्वारा इत्यत्र प्रेषयितुं शक्यन्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



समितियाः कार्यालयं शिक्षा सदन, १७, राउस् एवेन्यू संस्थागतक्षेत्रं, नवीदिल्ली-११०००२ इत्यत्र स्थितम् अस्ति। तत्र सवेर्षु कार्यदिनेषु अपराह्णे २:०० वादनतः ४:०० वादनपर्यन्तं प्रस्तुतीकरणं कर्तुं शक्यते। तदतिरिक्तं शिकायतां डाकद्वारा तस्मिन् एव पते वा ईमेलद्वारा इत्यत्र प्रेषयितुं शक्यन्ते।

मन्त्रालयेन प्रभावितव्यक्तिभ्यः अन्येभ्यः सम्बन्धितपक्षेभ्यः च आग्रहः कृतः यत् ते निर्धारितस्वरूपानुसारं स्वशिकायतां, प्रतिनिधित्वं, आवश्यकसाक्ष्यं च प्रस्तूयताम्। एतेन समितिः निवेदितघटनानां विविधपक्षेषु परीक्षणे सहायकः भविष्यति। गोलीबन्दूकानां उपयोगे विशेषं ध्यानं दत्तव्यम्।

गोलीबन्दूकानां कथितप्रयोगस्य अन्वेषणं प्राथमिकताम् अददात् इति निर्णयः महत्त्वपूर्णः अस्ति। जुलैमासे जन्तरमन्तरे विरोधप्रदर्शनेषु सुरक्षाबलाः गोलिकाप्रहारं कृतवन्तः इति आरोपाः उद्धृताः। समाचारानुसारं विरोधान्दोलनेषु घातिताः केचन व्यक्तिः गोली-अग्नि-सङ्गताः व्रणाः अभवन्।

हिन्दुस्तान टाइम्स् पत्रिकायाः प्रतिवेदनेन सूचितं यत् न्यूनातिन्यूनं चत्वारः जनाः- २५ वर्षीयः शेख इरशाद मंसूरी, ३२ वर्षीयः नूतन टोप्पो, २८ वर्षीयः संवाददाता, १९ वर्षीयः साहिल् लोचबः च गोलिकानां कारणेन चोटं प्राप्नुवन्। प्रतिवेदने उक्तं यत् चिकित्सा-कानूनी-प्रकरणस्य अभिलेखेषु गोली-जन्य-व्रणस्य पुष्टिः भवति। परन्तु एतेषां शस्त्राणां प्रयोगविषये पुलिसस्य वा केन्द्रीयआरक्षितपुलिसबलस्य वा किमपि टिप्पणीं प्रतिवेदने न उक्तम्।

गोलीबन्दूकानां वर्गीकरणं जनसमूहनियन्त्रणार्थं प्रयुक्तसाधनरूपेण भवति। तेषां तैनाती चिरकालात् विवादस्य विषयः अस्ति, विशेषतः जम्मू-कश्मीरे एतादृशानां घटनानां अनन्तरं यत्र गोलीक्षतिकारणात् व्यक्तिनां दृष्टिः नष्टा अभवत्। दिल्लीनगरे जुलैमासस्य विरोधप्रदर्शनेषु तेषां कथितप्रयोगेन अपि गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। विपक्षदलाः, छात्राः, विशेषज्ञाः च छात्रान् आन्दोलनकारिणां विरुद्धं एतादृशानां शस्त्राणां प्रयोगस्य उचितायाः विषये प्रश्नं कृतवन्तः।

इदानीं समितिः गोलीबन्दूकानां प्रयोगः कस्मिन् परिस्थितौ अभवत्, बलस्य प्रयोगः आवश्यकः आनुपातिकः च आसीत् वा, प्रभावितानां चोटस्य स्वरूपं च अन्वेषयिष्यति एतेषु विषयेषु अन्वेषणस्य आधारेण, उपलब्धसाक्ष्याणां च आधारेण अन्तिमनिष्कर्षाः प्राप्ताः भविष्यन्ति।

महिला-आन्दोलनकारिणां विरुद्धं कथितः दुर्व्यवहारः अपि अन्वेषणस्य केन्द्रबिन्दुः अस्ति। गृहमन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् महिलाआन्दोलनकारिणां लक्ष्यीकरणं तेषां कथितानां उत्पीडनानां च प्रकरणानाम् प्राथमिकता भविष्यति। विरोधान्दोलनेषु महिलानां विरुद्धं किमपि प्रकारस्य हिंसा वा दुर्व्यवहारः वा अभवत् वा, यदि भवति तर्हि काः परिस्थितयः एतादृशाः घटनाः अभवन् इति परीक्षणं समितियाः कृते महत्त्वपूर्णं भविष्यति अस्मिन् सन्दर्भे यौन-उत्पीडनसम्बद्धविशिष्टसूचनाः प्रस्तूय-समर्पितप्रश्नानां शिकायतवगाणां च माध्यमेन-पोटेर्ले प्रावधानं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। अपि च, स्वस्य परिचयं गोपनीयं स्थापयितुं विकल्पः संवेदनशीलप्रकरणेषु व्यक्तिभ्यः स्वलेखान् अग्रे आगन्तुं साहाय्यं कर्तुं शक्नोति। परन्तु प्रत्येकं शिकायतया औपचारिक अन्वेषणं भविष्यति।

मन्दिरनिवासविषये

विवादः हिंसकः भवति; नागा साधुः छूरेण आक्रमणं कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

धमापुरस्य कञ्चघरक्षेत्रे हनुमानतोरियामन्दिरस्य निवासविषये विवादः हिंसकः रूपं प्राप्तवान्। एकः घटना प्रकाशं प्राप्तवती यत्र मंगलवासरे प्रातःकाले एकः नागासाधुः, अखण्डानन्दगिरीस्वामी-यः मन्दिरपरिसरस्य अन्तः निवसति-इत्यस्य उपरि छूरेण आक्रमणं कृतम्। तस्य शिरसि, उदरस्य च चोटः अभवत्। घातितः साधुः चिकित्सायै चिकित्सालयं नीतः। मन्दिरसङ्कुलस्य अन्तः अतिक्रमणस्य विरोधस्य अनन्तरं एषः आक्रमणः अभवत् इति सः आरोपितवान् अस्ति। पुलिस अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वती अस्ति।

निवासस्य, मन्दिरस्य च कुञ्जीनां विषये विवादः प्रारम्भिकसूचनानुसारं उत्तरप्रदेशस्य कन्नौजनगरस्य निवासी अखण्डानन्दगिरीस्वामी किञ्चित्कालात् हनुमानतोरिया मन्दिरसङ्कुलस्य निवसति। साधुः आरोपयति यत् मन्दिरसमितेः सदस्याः तं निष्कासयितुं प्रयतन्ते, यद्यपि सः परिसरस्य अन्तः केवलं लघुकक्षं धारयति। साधुः अवदत् यत् सः मन्दिरपरिसरस्य वर्धमानस्य अतिक्रमणस्य विरोधं कृतवान्, पुलिस-प्रशासनयोः च अतिक्रमणानि दूरीकर्तुं आग्रहं कृतवान्। सः मन्दिरस्य कुञ्जी राष्ट्रपतिं वा पुरोहितं वा समर्पयितव्यं, परिसरस्य अन्तः घटमानस्य अतिक्रमणस्य विरुद्धं कार्यवाही कर्तव्या इति अवदत्।

स्वस्य अनुभवान् साझां कुर्वन् छात्रान् नगरप्रशासनस्य कार्याणि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

नर्मदानद्याः संरक्षणविषये शोधार्थं प्रेरणा समागमे नर्मदानद्याः स्वच्छतायां संरक्षणे च विशेषं बलं दत्तम्। आयुक्तः अहिरवारः नदीयाः महत्त्वस्य, तस्याः प्रवाहस्य, तस्याः पारिस्थितिकीतन्त्रस्य च विषये सूचनां दत्तवान्, येन छात्राः नदीसंरक्षणविषये शोधं कर्तुं प्रोत्साहिताः सः छात्रान् आग्रहं कृतवान्-ये तान्त्रिकशिक्षां साधयन्ति-शैक्षणिक-अध्ययनात् परं दृष्ट्वा पर्यावरण-चुनौत्यं अवगन्तुं प्रयतन्ते। तकनीकी शिक्षा तथा व्यावहारिक अनुभवस्य मिश्रणम् अस्मिन् अध्ययनभ्रमणेन छात्राणां कृते कक्षायां प्राप्तं तान्त्रिकं ज्ञानं वास्तविक-जगतः नगरीय-व्यवस्थाभिः सह सम्बद्धं कर्तुं अवसरः प्राप्तः।

राशिफल

मेष : आज के दिन प्रेम और करियर दोनों में पॉजिटिव अवसर लेकर आया है। ऑफिस में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं।

वृषभ : आज के दिन फिजिकल और मेंटल हेल्थ बनाए रखने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल पर ध्यान दें।

मिथुन : सेहत के लिहाज से आप खुद को अधिक एनर्जेटिक और मोटिवेटेड पा सकते हैं। आपके कनेक्शन गहरे होंगे।

कर्क : आपके जीवन के विभिन्न पहलुओं में नए अवसर लेकर दिन आएगा। आपके रिश्ते मजबूत हो सकते हैं।

सिंह : आज के दिन लव लाइफ में मुद्दों को सुलझाएं। अपने रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाएं।

कन्या : आज के दिन प्रेम के मामले में भावनाओं को अहम फैसला न लेने दें। कार्यस्थल पर मांगों के प्रति संवेदनशील रहें।

तुला : प्रेम और नौकरी दोनों में चुनौतियां रहेंगी। आप सुरक्षित परिणाम के लिए उनसे पार पाने में सफल होंगे।

वृश्चिक : आज के दिन रिलेशन से जुड़ी समस्याओं पर काबू पाएं। ध्यान रखें कि आप काम पर अपना बेस्ट रिजल्ट दें।

धनु : आज कोई बड़ी धन की समस्या नहीं आएगी। रिलेशन में खुश रहें और काम में अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दें।

मकर : एक्सरसाइज को जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों में किसी भी तरह की समस्या को अनदेखा न करें।

कुंभ : रिश्ते में अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी। कोई भी सेहत या धन संबंधी समस्या नॉर्मल लाइफ को प्रभावित नहीं करेगी।

मीन : आज के दिन निजी और पेशेवर जीवन दोनों में खुश रहें। वित्तीय समृद्धि बड़े पैमाने पर स्मार्ट निवेश का वादा करती है।

रिंकू सिंह का लगातार दूसरा शतक, प्रियांश आर्या ने 199 रन बनाए

रणजी ट्रॉफी- भारतीय कप्तान गिल 1 रन बनाकर आउट हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



रणजी ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल बड़ी पारी नहीं खेल सके। पंजाब के लिए खेलते हुए वे छत्तीसगढ़ के खिलाफ 1 रन बनाकर आउट हुए। वहीं उत्तर प्रदेश के रिंकू सिंह ने लगातार दूसरा शतक लगाया। गोवा के खिलाफ उन्होंने नाबाद 118 रन की पारी खेली।

दिल्ली के ओपनर प्रियांश आर्या गुजरात के खिलाफ 199 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 125 गेंदों में अपना पहला फर्स्ट क्लास शतक लगाया। कप्तान आयुष बदोनी ने भी नाबाद शतक जड़ा। पंजाब के कप्तान उदय सहारन ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाए। इस पारी की बदौलत पंजाब ने पहले दिन 4 विकेट पर 269 रन बना लिए।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए रणजी खेल रहे हैं गिल- भारतीय कप्तान शुभमन गिल न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी के लिए रणजी ट्रॉफी का मैच खेलने उतरे हैं। 2 दिन पहले जारी टीम में उन्हें टेस्ट और शुरूआती 3 वनडे मैच के लिए भारत का कप्तान बनाया गया है। टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से वेलिंग्टन में पहला टेस्ट मैच खेलना है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल के फाइनल में पहुंचने के लिए अहम है। गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 2 महीने पहले श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी। कोलंबो में इस सीरीज का दूसरा मैच ड्रॉ रहा था। जबकि, पहले मुकाबले को टीम इंडिया ने 165 रन से जीता था।

चिन्मय सुथार ने 180 रन की पारी खेली- मिजोरम के बल्लेबाज चिन्मय सुथार ने नगालैंड के खिलाफ 24 चौकों की मदद से नाबाद 180 रन बनाए। उनकी पारी से मिजोरम ने पहले दिन मजबूत शुरूआत की। मेघालय के केविन क्रिस्टोफर ने भी तेज शतक लगाया। डेब्यू मैच में सिर्फ 1 रन बनाने वाले क्रिस्टोफर ने मणिपुर के खिलाफ वापसी की। मेघालय ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 325 रन बना लिए। कर्नाटक के मनवंत कुमार ने सौराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 86 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 छक्के लगाए। अनीश केवी ने भी 59 रन बनाए। वहीं हरियाणा के यशवर्धन दलाल ने चंडीगढ़ के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाकर टीम को बढ़त दिलाने में मदद की।

गेंदबाजी में तुषार देशपांडे चमके- मुंबई के तुषार देशपांडे ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 4 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से हिमाचल की टीम बिलासपुर में 140 रन पर ऑलआउट हो गई। तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह और साई किशोर ने उत्तराखंड के खिलाफ 4-4 विकेट लिए। दोनों की गेंदबाजी के सामने उत्तराखंड की टीम चेपॉक में 134 रन पर सिमट गई।

सर्विसेज के ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग ने बंगाल के खिलाफ 5 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से बंगाल की पहली पारी 184 रन पर खत्म हुई।

सचिन बेबी का 16वां फर्स्ट क्लास शतक

केरल के बल्लेबाज सचिन बेबी ने ओडिशा के खिलाफ अपना 16वां फर्स्ट क्लास शतक लगाया। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 141 रन की साझेदारी की। अजहरुद्दीन 72 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों की पारियों से केरल ने मुश्किल स्थिति से उबरते हुए मजबूत स्कोर बनाया। राजस्थान के लिए सचिन यादव ने भी शतक लगाया। वे दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद रहे। उनके साथ करण लांबा 89 रन बनाकर क्रीज पर टिके थे। राजस्थान ने रेलवे के खिलाफ पहले दिन अच्छी स्थिति हासिल की।

उदय सहारन ने पंजाब को संभाला

पंजाब के कप्तान उदय सहारन ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत पंजाब ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 269 रन बना लिए। प्रभसिमरन सिंह ने भी 62 रन की पारी खेलकर उनका साथ दिया।

जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में

न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान, गिल और अय्यर शेयर करेंगे वनडे टीम की कप्तानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीम का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल नवंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। बुमराह वनडे और टी-20 टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऋषभ पंत भी टेस्ट टीम में शामिल किए गए हैं।

शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान बरकरार रखे गए हैं। वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी कप्तान बनाए गए हैं। गिल शुरूआती तीन वनडे में कप्तान होंगे। वहीं, आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। इस दो मैचों के दौरान गिल के साथ उप कप्तान केएल राहुल को आराम दिया जाएगा। भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी। तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी टेस्ट जुलाई 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेला था।

रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों टीम में शामिल है। ऋतुराज गायकवाड़, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, नमन धीर, गुरनूर बरार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव भी पांचों वनडे का हिस्सा होंगे। इनमें नीतीश, सिराज और कुलदीप टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। भारतीय टी-20 टीम का पहले ही ऐलान हो चुका है। 36 साल के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की 4 साल बाद वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भी टीम में बरकरार हैं।

जडेजा वनडे टीम में नहीं, कुमार कुशाग्र को पहली बार मौका

रवींद्र जडेजा टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे, लेकिन वनडे टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह अक्षर पटेल पांचों वनडे के लिए टीम में लौटे हैं। वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के दौरान वे एशियन गेम्स खेल रहे थे। इसलिए उनकी जगह जडेजा वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे।
आखिरी 2 वनडे के लिए 16 सदस्यीय टीम में तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र को शामिल किया गया है। कुशाग्र को पहली बार भारतीय वनडे स्क्वॉड में चुना गया है।
प्रसिद्ध कृष्णा और अंशुल कंबोज आखिरी दो मैच में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। आकिब नबी टीम का हिस्सा होंगे। प्रसिद्ध की पहले 3 वनडे में भी सिलेक्शन फिटनेस पर निर्भर होगी।

वनडे ट्राई सीरीज- सलमान आगा के शतक से पाकिस्तान जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रावलपिंडी

पाकिस्तान ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में वनडे ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 37 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 305 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.1 ओवर में 268 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की जीत के हीरो सलमान आगा रहे। उन्होंने 90 गेंदों पर 107 रन की पारी खेली। इधर, बाबर आजम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले पाकिस्तान के 5वें बल्लेबाज बन गए। टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दिलशान मदुशंका ने सईम अयूब को 7 और फखर जमान को 16 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान ने 32 रन तक दोनों ओपनर गंवा दिए। इसके बाद बाबर आजम ने 57 गेंदों पर 45 रन बनाए और विकेटकीपर बल्लेबाज साद बेग के साथ पारी संभालने की कोशिश की। साद बेग ने डेब्यू मैच में 40 गेंदों पर 39 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

ज्योतिष/वास्तु

नौकरी, गाड़ी और घर खरीदने के सपने होंगे पूरे

केतु का गोचर इन तीन राशि वालों की परेशानियां करेगा दूर



ज्योतिषियों के अनुसार, केतु का राशि परिवर्तन कुछ राशि वालों का भाग्योदय कर सकता है। इसके अलावा, परिवार और रिश्तों में चल रही उलझनों को सुलझाने में मदद मिल सकती है। वहीं, व्यापार में मनमुताबिक अनुकूल परिणाम मिलने की भी संभावना है।

साल 2026 के अंत में ग्रहों की चाल में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस गोचर को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर पड़ सकता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, छाया ग्रह केतु 5 दिसंबर 2026 को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क राशि का स्वामी चंद्रमा है। ऐसे में केतु का चंद्रमा की राशि में गोचर कुछ जातकों के लिए खास माना जा रहा है। मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों के जीवन में लंबे समय से चली आ रही परेशानियां कम हो सकती हैं। नौकरी और व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं, वहीं घर, गाड़ी और सुख-सुविधाओं से जुड़े सपने पूरे होने की उम्मीद भी बढ़ सकती है। ऐसे में यह समय किन राशियों के लिए लकी रहेगा, आइए विस्तार से जानते हैं।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए केतु का गोचर जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। इस दौरान आपको मानसिक रूप से राहत महसूस हो सकती है। निवेश क्षेत्र में काम करने वाले जातकों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर लिए गए फैसले आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं। परिवार के साथ संबंध बेहतर होंगे। आपकी मेहनत को पहचान मिलने के साथ ही नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना भी है। कुल मिलाकर यह समय आपके लिए बदलाव लेकर आने वाला साबित होगा।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए यह समय कुछ मामलों में राहत देने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान भाग्य का साथ मिलने से आपके रुके हुए काम धीरे-धीरे पूरे होने की उम्मीद है। व्यापार में यदि आप किसी काम को लेकर लंबे समय से परेशान हैं, तो उसका समाधान मिलने की संभावना बन सकती है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नए रास्ते मिल सकते हैं। व्यापार से जुड़े जातकों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। मनचाही नौकरी या कोई बिजनेस आपको मिल सकता है।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए केतु का गोचर कई मामलों में खास रह सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है।नई योजनाओं पर काम करने का अवसर मिल सकता है। इस समय आप कोई बड़ा काम करने की योजना भी बनाएंगे, जिसमें सफलता मिलने की पूरी संभालवाएं रहेंगी। रिश्तों में धैर्य बनाए रखने से आपसी समझ बेहतर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकता है।

खबर एक नजर...

फांसी के फंदे पर लटका मिला 22 साल का युवक

उज्जैन। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहाबाद में रहने वाले निखिल पिता पिंटू कैथवास 22 साल ने सोमवार शाम घर में फांसी लगा ली। उसे परिजनों ने फंदे पर लटका देखा तो उतारने के बाद चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया और शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। उसके बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

सांई मंदिर के पास मिले वृद्ध की 3 दिन बाद मौत

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के अलखधाम स्थित सांई मंदिर के पास 15 अक्टूबर को बेसुध हालत में 60-65 वर्षीय वृद्ध पड़ा हुआ था। रहवासियों ने उसे देखा तो पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया। जहां 3 दिनों में भी उसे होश नहीं आया और सोमवार दोपहर को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वृद्ध का नाम-पता कुछ सामने नहीं आया पाया है। उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज भी नहीं था, जिससे उसके परिजनों की जानकारी जुटाई जा सके। फिलहाल शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। जिले के थाना पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। 24 घंटे में पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम कराकर शव दफना दिया जायेगा।

घेराबंदी में पकड़ाया तलवार लेकर घूम रहा युवक

उज्जैन। खिलचीपुर आगररोड पर खंडेश्वर महादेव मंदिर के पास एक युवक तलवार लेकर घूम रहा था। जिसके चलते आने-जाने वाले लोगों में दहशत फैल रही थी। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई टीम के साथ खिलचीपुर पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। उसके पास से तलवार बरामद कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम अजय सिसौदिया खिलचीपुर सामने आया। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

टक्कर मारने वाले वाहन का नहीं चला पता

उज्जैन। गरोठ ब्रिज पर सोमवार रात बाइक सवार अनिल पिता भंवरलाल निवासी प्रेमनगर देवासरोड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। अनिल की मौके पर मौत हो गई थी। सोमवार को पंवासा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया ग्राम जैथल में रहने वाले दोस्त को छोड़कर वापस लौट रहा था। अनिल बिजली विभाग में ठेकेदार के साथ काम करता था। उसके तीन बच्चे है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद दुर्घटनास्थल के आसपास अज्ञात वाहन का पता लगाने के प्रयास किये गये, लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। प्रारंभिक जांच में बाइक को सामने से टक्कर मारने की जानकारी सामने आई है।

पुराने विवाद में युवक का रास्ता रोक किया हमला

उज्जैन। मक्सीरोड पर रहने वाला उदय पिता जितेन्द्र बंसोड़े 21 साल सोमवार रात बाइक से जयसिंहपुरा दोस्त के यहां आ रहा था। जहां से दोनों देवास माता टेकरी पर दर्शन के लिये जाने वाले थे। लेकिन जयसिंहपुरा रेलवे क्रासिंग पर उसे गौरव भाट और आर्यन भाट ने रोक लिया। दोनों से उसकी पुरानी रंजीश थी। उदय कुछ समझ पाता दोनों ने लोहे के पाइप से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। लोगों की मदद से जितेन्द्र को अस्पताल पहुंचाया गया। ड्युटी कंपाउंडर से सूचना मिलने पर महाकाल थाना प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचे और घायल के बयान दर्ज कर मामले में मारपीट का प्रकरण दर्ज किया।

रिमांड खत्म होने पर इनामी तस्कर को भेजा जेल

उज्जैन। मादक पदार्थ तस्करी के 2 मामलों में 6 माह से फरार चले रहे 20 हजार के इनामी तस्कर शेख अमजद पिता अब्दुल रज्जाक निवासी खंदार मोहल्ला डग झालावाड़ को 16 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस ने राजस्थान में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। जिसे 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उसे आगररोड स्थित कृष्णा मोटर्स ले जाया गया। जहां अप्रैल माह में पुलिस ने ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। उस दौरान फैक्ट्री से जुड़े होने पर उसका नाम सामने आया था। पुलिस उसके साथ तस्करी से जुड़े अन्य साथियों के साथ डग भी पहुंची थी लेकिन साथी नहीं मिल पाये। मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

दिन	159-5	170-8
मेन बाजार	278-7	145-0
मिलन डे	227-1	188-7
मिलन नाइट	789-4	668-0

1 2 3

बाबा महाकाल पर ड्रोन से बरसाए 500 किलो फूलः पुलिस ने दी सलामी, भजनों और जनजातीय नृत्य से गूंजा उज्जैन

दशहरे पर बाबा महाकाल की सवारी नए शहर के भ्रमण पर निकली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में साल में एक बार दशहरे पर बाबा महाकाल की सवारी नए शहर के भ्रमण पर निकली। मंगलवार शाम 4 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजन के बाद सवारी परंपरागत मार्ग से रवाना हुई। सवारी के मंदिर से बाहर आते ही सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने राजाधिराज को सलामी दी। इसके बाद पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, मंदिर के पंडे-पुजारी, अधिकारी-कर्मचारी और श्रद्धालु सवारी के साथ चले।

सवारी में भजन मंडलियों, वैदिक बटुकों, भारत स्काउट-गाइड, कांग्रेस सेवा दल और अन्य दलों ने भी भाग लिया। वैदिक बटुकों ने मंत्रोच्चार किया, जबकि पुलिस और महाकालेश्वर मंदिर के बैंड ने प्रस्तुतियां दीं। सवारी में झांकियों के साथ जनजातीय



कलाकारों के लोकनृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहे। अलग-अलग जनजातीय दलों के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए सवारी की अगवानी की।

बाबा महाकाल की सवारी के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न मार्गों पर स्वागत मंच बनाए गए। व्यापारियों और रहवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर पालकी का स्वागत किया। सवारी मार्ग पर रंगोली भी बनाई गई। आयोजन के दौरान ड्रोन से भगवान की पालकी पर 500 किलो फूलों की वर्षा करने की व्यवस्था की गई। पांच एलईडी रथों के जरिए सवारी का प्रसारण भी किया गया।

दशहरा मैदान पर शमी वृक्ष का पूजन-

सवारी गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सराफा, सती गेट, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा, देवास गेट, चामुंडा चौराहा, टावर मार्ग, शहीद पार्क और माधवनगर क्षेत्र से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। यहां बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत कर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद भगवान मनमहेश और शमी वृक्ष का पूजन किया गया। दशहरा मैदान में पूजन की परंपरा पूरी होने के बाद सवारी वापसी के लिए रवाना हुई।

फ्रीगंज ओवरब्रिज से होकर मंदिर लौटी सवारी

वापसी में सवारी दशहरा मैदान से गंगा होटल मार्ग, देवास रोड, तीन बत्ती चौराहा, माधव क्लब रोड, धन्नालाल की चाल, लोक निर्माण विभाग कार्यालय और फ्रीगंज ओवरब्रिज से होकर गुजरी। इसके बाद संख्याराजे धर्मशाला, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, इंदौर गेट, गदापुलिया, हरिफाटक ब्रिज, बेगमबाग और कोट मोहल्ला चौराहे से होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची।

साल में एक बार नए शहर में आते हैं बाबा महाकाल

बाबा महाकाल की यह सवारी साल में एक बार दशहरे पर नए शहर के भ्रमण के लिए निकलती है। इस दौरान फ्रीगंज, मालीपुरा और दशहरा मैदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारी और रहवासी स्वागत करते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वागत मंच लगाकर राजाधिराज का अभिनंदन किया।

उज्जैन में 24 खंबा माता मंदिर के पास हादसा, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

महाकाल रेस्टोरेंट की चिमनी में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 24 खंबा माता मंदिर के पास महाकाल रेस्टोरेंट की किचन चिमनी में मंगलवार शाम करीब 4 बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही महाकाल थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

रेस्टोरेंट संचालक प्रकाश लालवानी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण चिमनी में आग लगी थी। आग चिमनी तक ही सीमित रही। रेस्टोरेंट में लगे फायर उपकरणों की मदद से आग बुझा दी गई थी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर



बची हुई आग को भी पूरी तरह बुझाया।

लालवानी के मुताबिक, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और न ही किसी सामान का नुकसान हुआ। केवल चिमनी जली है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शुरूआती जानकारी में भट्टी जलाने के दौरान आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। विजयदशमी पर निकलने वाली महाकाल की सवारी भी आग लगने के कुछ देर बाद इसी इलाके से गुजरी थी।

ऑनलाइन गोल्ड खरीदी के नाम पर युवती से धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोशल मीडिया के माध्यम से युवती को गोल्ड खरीदना महंगा पड़ गया। शातिर ठग ने 60 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि हीरामिल की चाल में रहने वाली देवकी पिता मोहनलाल यादव ने सोशल मीडिया पर गोल्ड खरीदी की लिंक पर क्लिक किया। कुछ देर बाद कॉल आया और सस्ता गोल्ड खरीदी का ऑफर दिया। देवकी यादव ने ऑनलाइन गोल्ड ज्वेलरी देखी और आर्डर कर दिया। उससे पहले 12 हजार का ट्रांजेक्शन कराया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा भेजा गया गोल्ड पकड़ने जाने की जानकारी देकर 2 बार ओर ट्रांजेक्शन करा लिया। कुछ 60 हजार का ट्रांजेक्शन कराने के बाद ज्वेलरी नहीं आई तो युवती को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। युवती ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

गिरफ्त में जेब काटने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। ट्रेनों में यात्रियों की जेब काटने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से गिरफ्तार किया है। 7 दिन बाद हुई जेबकटी की घटना के बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी।

नई दिल्ली का रहने वाला रितेश मिश्रा गोवा एक्सप्रेस स्लीपर कोच में दिल्ली से पूणे की यात्रा कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर उसकी जेब अज्ञात बदमाश ने काट ली थी। 12 अक्टूबर को हुई जेबकटी की शिकायत रितेश ने जीआरपी को दर्ज कराई थी। मामले में प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज आरपीएफ टीम की मदद से देखे गये। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया। जीआरपी-आरपीएफ की टीम उसकी तलाश में जुट गई, और मुखबीरों को अलर्ट किया गया। सोमवार रात को प्लेटफार्म पर सर्चिंग के दौरान जीआरपी को सूचना मिली कि एक संदिग्ध आउटर पर घूम रहा है, जो जेबकटी में शामिल रहा है। जिसकी धरपकड़ के लिये टीम पहुंची और उसे हिरासत में लिया। संदिग्ध पुराना जेबकट मिथुन पिता गोपीलाल मोगिया 26 वर्ष निवासी ग्राम बनी राजगढ होना सामने आया। उसने 12 अक्टूबर को जेबकटी करना कबूल कर लिया। जीआरपी टीआई सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बदमाश से 11 सौ रुपए बरामद किये गये है। बदमाश नागदा जीआरपी का स्थायी वारंटी भी होना सामने आया। उसके खिलाफ पूर्व में डेढ़ दर्जन अपराध दर्ज है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

रिक्शा हटाने की बात पर जयसिंहपुरा में युवक पर हमला

जयसिंहपुरा में रात 9 बजे के लगभग रिक्शा हटाने की बात पर हुये विवाद में युवक पर एक परिवार के चार सदस्यों ने हमला कर दिया। युवक घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि जयसिंहपुरा में रहने वाला आयुष पिता देवनारायण माली देवासगेट रेलवे स्टेशन के सामने रेस्टोरेंट में मैनेजर है। रात में वह कार से घर लौट रहा था। जयसिंहपुरा चौराहा पर बीच रास्ते में खड़ी रिक्शा को हटाने के लिये कहा तो वहीं रहने वाले रिक्शा चालक ने विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी बढ़ने पर रिक्शा चालक के भाई आ गये और आयुष पर हथियारों से हमला कर दिया। घायल आयुष को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार हमला करने वालों में संजय, विनोद, पवन शामिल है। मामले में महाकाल थाना पुलिस का कहना था कि घायल युवक के अस्पताल पहुंचने की सूचना मिली है। बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

बाबा महाकाल की सवारी में उत्सव के साथ दिखा स्वच्छता का संदेश

सफाई मित्रों ने तत्काल चमकाया सवारी मार्ग

नगर निगम की टीम ने संभाला मोर्चा, फूलों एवं अन्य अपशिष्ट को हटाकर मार्ग को बनाया साफ-स्वच्छ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दशहरा पर्व पर प्रतिवर्ष परंपरानुसार निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी में जहां शहरवासियों ने विभिन्न स्वागत मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर बाबा महाकाल की सवारी का आत्मीय स्वागत किया। वहीं नगर निगम के सफाई मित्रों ने उत्सव के साथ स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाते हुए एक अनुकरणीय संदेश दिया।

बाबा महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचने वाली सवारी के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। इसके चलते सवारी मार्ग पर बड़ी मात्रा में फूल एवं अन्य अपशिष्ट एकत्रित हो गए थे।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग के सफाई मित्र तत्काल सक्रिय हुए और सफाई मित्रों ने पूरे सवारी मार्ग की सफाई करते हुए उसे पुनः स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया।

सफाई मित्रों ने तत्परता से फूलों एवं अन्य कचरे को हटाकर मार्ग को साफ किया, जिससे आवागमन सुचारू रखने के साथ ही शहर की स्वच्छता भी बनी रहे। धार्मिक आस्था, उल्लास और उत्सव के बीच सफाई



मित्रों की इस सक्रियता ने यह संदेश दिया कि स्वागत और उत्सव की भव्यता के साथ स्वच्छता बनाए रखना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

नगर निगम द्वारा पर्वों एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सफाई मित्रों की टीम के माध्यम से तत्काल सफाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि उज्जैन की धार्मिक परंपराओं के साथ शहर की स्वच्छ एवं सुंदर पहचान भी बनी रहे।

पत्रकार वार्ता में माधव सेवा न्यास की जमीन का मसला भी मीडिया के सामने रखा

महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष डिजिटल याचिका पेश करेंगे : दिग्गी राजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 20 अक्टूबर को शुरू हो गई। करीब 950 किमी की यह यात्रा लगभग 70 दिन में अयोध्या के राम मंदिर पहुंचेगी।

इसके पहले उन्होंने सोमवार को स्थानीय निजी होटल में पत्रकार वार्ता ली। उनके साथ अयोध्या राम मंदिर निर्माण आंदोलन में शामिल रहे कारसेवक संतोष दूबे एवं धारासिंह जाट भी मुखातिब हुए। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि वे राष्ट्रपति के समक्ष डिजिटल याचिका पेश करेंगे। जिसके समर्थन में 8982121282 पर मिस काल करें। इसके साथ ही उन्होंने उज्जैन में माधव सेवा न्यास की जमीन के मसले को लेकर लिखित जानकारी दी।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि 'वोट चोरी' और 'चंदा चोरी' पर निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग को लेकर एक डिजिटल पिटिशन वे राष्ट्रपति के समक्ष पेश करने वाले हैं। भारत के संविधान के अनुसार यह नागरिक अधिकार से संबंधित है। इसमें मैं प्रेम सद्भाव सत्य अहिंसा में विश्वास रखता हूँ।

मैं भारतीय संविधान में विश्वास रखता हूँ। मैं राजनीति में धर्म का उपयोग एक हथियार के रूप में करने का पक्षधर नहीं हूँ। मैं राम मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों में हुए भ्रष्टाचार की निंदा



करता हूँ। मैं माँग करता हूँ भ्रष्टाचारियों को दंड दिया जाना चाहिए। मैं देश में लोक तंत्र व्यवस्था का समर्थन करता हूँ।

मैं देश में निष्पक्ष चुनाव के पक्ष में हूँ। मैं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करता हूँ। जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसमें संबंधित नागरिक अधिकारों के तहत मांग रखी जाएगी की मेरा अधिकार है कि भारत के नागरिक होने के नाते चुनाव आयोग मेरा नाम मतदाता सूची में रखे। मेरा अधिकार है कि मेरा वोट उसी उम्मीदवार को जाए, जिसे मैं चुनूँ। इसलिए चुनाव एफ्ट के बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएँ। मेरा अधिकार है कि मेरे द्वारा डाले गए बैलेट पेपर की गिनती हो। उन्होंने आमजन से अपना समर्थन दर्ज कराने के लिए 8982121282नंबर पर मिस कॉल करने के लिए भी बताया।

कारसेवक दूबे ने उठाए सवाल

कार सेवक संतोष दुबे ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उन्हें गोली लगी थी। वे कोमा में रहे उनके मित्र श्री जाट को गोली लगी लेकिन संघ और भाजपा के कौन नेता ऐसे रहे जिन्होंने गोली खाई। उन्होंने सवाल उठाया कि अयोध्या के आसपास के सूर्यवंशी राजपूतों ने 2 लाख से ज्यादा कुर्बानी दी लेकिन उन्हें ट्रस्ट में कोई स्थान नहीं दिया गया। इस मुद्दे को वे कई बार उठा चुके हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राम लला की मूल प्रतिमा गायब है। उन्होंने मंदिर के चढ़ावे में घोटाले को लेकर कई मुद्दे उजागर किए।

उज्जैन के ट्रस्ट का मुद्दा उठाया

महाकाल मंदिर के निकट की शासकीय भूमि पर आर.एस.एस. का कब्जा और होटल निर्माण करके व्यावसायिक गतिविधियाँ करने को लेकर बताया गया कि ट्रस्ट की आड में एक विशाल होटल एवं पार्किंग बनाकर उसका बडे पैमाने द्वारा पूववती उमा भारती की सरकार के साथ साँठगाँठ करके बडे पैमाने पर ट्रस्ट पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि आर.एस.एस. को शाखा लगाने के लिये 16 मई 1931 को लीज पर तात्कालिक जागीरदार द्वारा दी गई थी जिसके सर्वे कमांक 2258, 2259, 2260, स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि इस भूमि का उपयोग सिर्फ आर.एस.एस. के कार्य 2124, 2125, 2257/1, 2119/2, 2122, 2113 (0.564हे.) 213 (0.167) हैं। जिसमें अर्थात शाखा लगाने के लिये दी गई थी। इसके पश्चात 1990 में आर.एस.एस. द्वारा सिविल न्यायालय में प्रकरण कमांक 5ए/1990 प्रस्तुत किया गया था, जिसमें मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा मुख्य प्रतिवादी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी जिला उज्जैन एवं संयुक्त संचालक, लोक शिक्षा उज्जैन प्रतिवादी के रूप में थे। इसमें प्रतिवादी जानबूझकर न्यायालय में अनुपस्थित रहे। 25.09.1990 को उक्त स्वत्व घोषणा के प्रकरण में न्यायालय ने आर.एस.एस. के पक्ष में निर्णय पारित किया। उक्त प्रकरण में शासन के वकील अनुपस्थित रहे है और एकपक्षीय आदेश हुआ है। जबकि इसमें मुख्य प्रतिवादी कलेक्टर उज्जैन थे। वर्ष 2002 में उक्त भूमि सिंहस्थ एवं महाकालेश्वर मंदिर विस्तार की आवश्यकता को देखते हुये अधिग्रहण की कार्यवाही की गई। 06.09.2003 को तहसीलदार उज्जैन ने उक्त भूमि पर कब्जा भी ले लिया तथा रू. 13,45,519/- रुपए मुआवजे के रूप में चेक दिया गया। अधिग्रहण के खिलाफ आर.एस.एस. ने हाईकोर्ट की इन्दौर खण्डपीठ में रिट याचिका 1101/2 प्रस्तुत की जो कि 18.08.2003 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दी गई। इसकी इन्दौर डबल बैंच में अपील की गई जिसका एल.पी.ए. क्रमांक 176/2003 है। उमा भारती सरकार आने पर सरकार एवं संघ में कुछ शर्तों के अंतर्गत समझौता हुआ। अधिग्रहण निरस्त कर दिया गया। समझौते की शर्त यह थी कि जब भी सरकार या मंदिर को भूमि की आवश्यकता होगी, आर.एस.एस. उक्त भूमि को निःशुल्क उपलब्ध करायेगा तथा उक्त भूमि पर कोई निर्माण कार्य नहीं करेगा। समझौता उच्च न्यायालय में डबल बैंच के समक्ष 20.09.2004 को पेश किया गया। उक्त भूमि पर 14.03.2006 को माधव सेवा न्यास नाम से ट्रस्ट का गठन किया गया। जनता से दान लेकर भवन एवं प्रायवेट पार्किंग का निर्माण किया गया। जिसका वर्तमान में बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उपयोग होटल के रूप में किया जा रहा है। इस होटल और पार्किंग तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आर.एस.एस. द्वारा लाखों रुपए रोज की उगाही की जा रही है। महाकाल लोक सहित वर्तमान में महाकालेश्वर मंदिर की आड़ में उक्त माधव सेवा न्यास के होटल को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से ही शासकीय धन का उपयोग करके समस्त विकास कार्य किये जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com